12	–तदैव–	श्री दीप चन्द्र पाण्डे पुत्र श्री अम्बादत्त पाण्डे निवासी भरतपुरी, रामनगर, नैनीताल।	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।
13	–तदैव–	श्री नीरज कुमार पुत्र श्री रामकुमार निवासी मोती महल, कोसी रोड़, रामनगर, नैनीताल।	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।
14	–तदैव–	श्री हवीकुर्र रहमान पुत्र श्री उसमान निवासी दुर्गा मिल खताडी, रामनगर, नैनीताल।	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।
15	–तदैव–	श्री मौ0 साजिद पुत्र श्री अब्दुल वाहिद निवासी दुर्गा मिल खत्याड़ी, रामनगर, नैनीताल।	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।
16	–तदैव–	श्री रिजवान पुत्र श्री अब्दुल रहमान निवासी दुर्गा मिल, खत्याड़ी, रामनगर, नैनीताल।	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।
17	–तदैव–	श्री दिनेश चन्द्र छिमवाल पुत्र श्री महेश चन्द्र निवासी विपिन विहार कोटद्वार रोड़, लखनपुर, रामनगर, नैनीताल।	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।
18	–तदैव–	श्री कुलदीप सिंह पुत्र श्री गुरूदेव	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा

		सिंह निवासी मोती महल, रामनगर, नैनीताल।		समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।
19	–तदैव–	श्री अतीकुर रहमान पुत्र श्री मौ0 उसमान निवासी दुर्गा मिल, खत्याड़ी, रामनगर, नैनीताल।	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।
20	–तदैव–	श्री रणजीत सिंह कडाकोटी पुत्र श्री डी0एस0 कडाकोटी निवासी खत्याड़ी रोड़, रामनगर, नैनीताल।	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।
21	–तदैव–	श्री इरशाद अली पुत्र श्री अशरफ अली निवासी सिविल, हाथी खाना रोड़, खताडी, रामनगर, नैनीताल।	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।
22	–तदैव–	श्री देवेन्द्र सिंह निवासी जयपाल सिंह निवासी भरतपुरी, रामनगर, नैनीताल।	–	नयी वाहन क्रय करेंगें। प्रार्थी द्वारा समय–सारिणी व शपथ पत्र संलग्न किया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत् कराना है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा अपनी बैठक दिनांक 15–11–2007 के संकल्प संख्या–12 के अन्तर्गत उक्त मार्ग पर मार्ग की दशा, प्रदूषण एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से स्वीकृत परमिट 05 वर्ष से कम पुरानी वाहन के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर जारी करने की शर्त अधिरोपित की गई है।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचार कर आदेश पारित करने का कष्ट करें।

मद संख्या–12

मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–88 (9) के साथ पठित केन्द्रीय मोटरयान नियमावली–1989 के नियम–82 में दिये गये प्राविधानानुसार समस्त भारतवर्ष के मैक्सी कैब एवं ठेका बसों के परमिटों के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार व आदेश।

1– मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–2 की उपधारा–(7) में ठेका गाड़ी को निम्न प्रकार परिभाषित किया गया है:–

''ठेका गाड़ी'' (कान्ट्रेक्ट कैरिज) से ऐसा मोटरयान अभिप्रेत है, जो भाड़े या पारिश्रमिक पर यात्री या यात्रियों का वहन करता है और जो किसी व्यक्ति द्वारा ऐसे यान के सम्बन्ध में किसी प्रकार के धारक या इस निमित्त उसके द्वारा प
किसी व्यक्ति के साथ ऐसे सम्पूर्ण यान के उपयोग के लिये की गयी किसी अभिव्यक्त या विवक्षित संविदा के अधीन, उसमें वर्णित यात्रियों के किसी नियत या तय हुई दर या धनराशि पर–

(क) समय के आधार पर, चाहे वह किसी मार्ग या दूरी के प्रति निर्देश से है अथवा नहीं, या

(ख) एक स्थान से अन्य स्थान तक,

वाहन में लगा है, और इन दोनों में से किसी भी दशा में, यात्रा के दौरान ऐसे यात्रियों को, जो सं
चढ़ाने या उतारने के लिये कहीं भी रूकता नहीं है, और इसके अन्तर्गत–

(i) *बड़ी टैक्सी (मैक्सी कैब) और*

(ii) *मोटर टैक्सी (कैब), इस बात के होते हुये भी है कि इसके यात्रियों से अलग–अलग किराए प्रभारित किए जाते हैं।''*

2– उपरोक्त के अतिरिक्त परमिटों हेतु आवेदन करने तथा परमिट स्वीकृत करने के सम्बन्ध में मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–80 की उपधारा–2 में निम्न प्राविधान किया गया है:–

''प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण (राज्य परिवहन प्राधिकरण या धारा–66 की उपधारा (1) में विहित अन्य प्राधिकारी) साधारणतः इस अधिनियम के अधीन किसी भी समय किसी भी प्रकार के परमिट के लिए किए गए आवेदन को मंजूर
से इन्कार नहीं करेगाः

परन्तु प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण कोई आवेदन संक्षिप्ततः नामंजूर कर सकेगा यदि आवेदन के अनुसार किसी परमिट के देने से यह प्रभाव पड़ेगा कि धारा–71 की उपधारा– 3 के खण्ड (क) के अधीन राजपत्र में अधिसूचना
और विनिर्दिष्ट मंजिली गाड़ियों की संख्या में या धारा–74 की उपधारा (3) के खण्ड (क) के अधीन राजपत्र में अधिसूचना में

नियत और विनिर्दिष्ट ठेका–गाड़ियों की संख्या में वृद्धि होगी, परन्तु यह और कि जहां प्रादेशिक परिवहन प
परिवहन प्राधिकरण या धारा–66 की उपधारा (1) में विहित अन्य प्राधिकारी) इस अधिनियम के अधीन किसी भी प्रकार के परमिट देने सम्बन्धी आवेदन को नामंजूर कर देता है, वहां वह आवेदक को उसके नामंजूर किए जाने के अपने लिखित रूप में देगा और इस विषय में उसे सुनवाई का अवसर देगा।

3– मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–74 की उपधारा–3 (क) में पॉच लाख से अन्यून जनसंख्या वाले शहरों के लिए निम्न प्राविधान किया गया हैः–

''राज्य सरकार, यदि उसे केन्द्रीय सरकार द्वारा यानों की संख्या, सड़क की दशा और अन्य सुसंगत विषयों को में रखते हुये, इस प्रकार र्निदिष्ट किया जाये तो वह राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, राज्य परिवहन प्राधिकरण और प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण को यह निर्देश देगी कि वह 5 लाख से अन्यून जनसंख्या वाले शहरों में नगर मार्ग पर प्रच वाली साधारणतया ठेका गाड़ी या किसी विर्निदिष्ट किस्म की ठेका गाड़ी की संख्या को, जो अधिसूचना में निय विनिर्दिष्ट की जाये, सीमित करे।''

4– इस सम्बन्ध में अवगत करना है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 03–03–2001 की बैठक में प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा मोटर कैब, मैक्सी कैब एवं ठेका बस प्रकार की वाहनों को समस्त भारतवर्ष एवं समस्त उत्तराखण्ड के परमिट उदार नीति से जारी किये जा रहे थे, परन्तु अध्यक्ष, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 08–08–2002 को उक्त प्रकार की वाहनों को परमिट जारी करने के प्रदत्त अधिकारों को प्रतिनिधानित न करने एवं सम्भाग में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण तथा प्रदेश में राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में ही ऐसे परमिटों को जारी करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देशों के पश्चात् केवल **बीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार, बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के लाभार्थियों** को रोजगार सृजन के उद्देश्य से राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा

अपनी बैठक दिनांक 20–6–2006 में अपने सचिव को लाभार्थियों द्वारा निवेदित परमिट प्राधिकरण से अनुमोदन की शर्त पर स्वीकृत/जारी करने के अधिकार प्रदत्त किए गये थे।

उपरोक्त आदेशों के पश्चात् चारधाम यात्रा में यात्रियों को सुगम, सस्ती एवं आरामदेह यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड की बैठक दिनांक 30–04–2007 के अन्तर्गत अपने सचिव को प्राधिकरण की अनुमोदन की शर्त पर केवल समस्त भारतवर्ष के **मोटर कैब एवं मैक्सी कैब में यथा–इनोवा, टवेरा, स्कार्पियो एवं क्वॉलिस आदि सदृश्य** प्रकार की लग्जरी वाहनों को स्थाई परमिट एवं शेष प्रकार की हार्ड टॉप वाहनों को समस्त उत्तराखण्ड के अस्थाई परमिट स्वीकृत/जारी करने के अधिकार प्रदत्त किये गये हैं। उक्त प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा तद्नुसार स्थाई एवं अस्थाई परमिट स्वीकृत/जारी किये जा रहे हैं।

प्राधिकरण को यह भी अवगत कराना है कि केन्द्रीय मोटरयान नियमावली–1989 के नियम–82 उप नियम–2(क) में पर्यटक परमिट से आच्छादित वाहनों की मॉडल सीमा के सम्बन्ध में निम्न प्राविधान किया गया हैः–

''एक पर्यटक परमिट उस दिनांक से अवैध समझा जावेगा, जिस दिनांक को उस परमिट से आवृत्त मोटर यान मोटर कैब होने की दशा में 9 वर्ष तथा जहॉ मोटर कैब के अलावा अन्य मोटर यान है, तो 08 वर्ष पूरे कर लेता है, जब तक कि मोटर यान को बदला (Replaced) नहीं गया हो ।''

उपरोक्त के अतिरिक्त नियम–85 में निर्धारित पर्यटन परमिट की शर्तों के साथ जारी किए जाते हैं तथा मोटर कैब को छोड़कर मैक्सी कैब व बड़ी ठेका बसों में पर्यटकों के नाम, पते एवं आयु तथा यात्रा प्रारम्भ एवं गन्तव्य स्थान की सूची तीन प्रतियों में रखने का प्रतिबन्ध भी लगाया जाता है, परन्तु टूरिस्ट बसों (पर्यटन यान) के लिए वाहन की आयु सीमा 08 वर्ष निर्धारित है। पर्यटन यान के रूप में संचालन के लिए बसों के स्वरूप का प्राविधान केन्द्रीय मोटरयान नियमावली–1989 के नियम–128 में किया गया है।

वर्तमान में समस्त भारतवर्ष के मैक्सी कैब एवं ठेका बसों के निम्न आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैंः–

(1)–समस्त भारतवर्ष के मैक्सी कैबः–

समस्त भारतवर्ष के मैक्सी कैब परमिटों हेतु (यथा टाटा सूमो, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा मैक्स, बुलेरो आदि सदृश्य प्रकार की वाहनों) प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–88 (9) के अन्तर्गत विचार व आदेश।

इस सम्बन्ध में प्राधिकरण को अवगत् कराना है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा समस्त भारतवर्ष के मैक्सी कैब यथा–इनोवा, टवेरा, स्कार्पियो एवं क्वॉलिस आदि सदृश्य प्रकार की लग्जरी वाहनों को उदार नीति से शेष अन्य प्रकार की हार्ड टॉप वाहनों को प्राधिकरण की बैठक से परमिट स्वीकृत/जारी किये जा रहे हैं। वर्तमान में समस्त भारतवर्ष के मैक्सी कैब के 2394 परमिट वैध हैं तथा दिनांक 21–10–2011 तक टाटा सूमो, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा मैक्स, बुलेरो आदि प्रकार की वाहनों के स्थाई परमिट के **263** प्रार्थना पत्र लम्बित हैं, जिनका विवरण **परिशिष्ट–'क'** में वर्णित है।

(2)–समस्त भारतवर्ष के ठेका बसः–

समस्त भारतवर्ष के ठेका बस परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–88 (9) के अन्तर्गत विचार व आदेश।

इस सम्बन्ध में प्राधिकरण को अवगत् कराना है कि वर्तमान में समस्त भारतवर्ष के ठेका बस के 325 परमिट वैध हैं तथा दिनांक **21–10–2011** तक समस्त भारतवर्ष के स्थाई ठेका बस परमिटों हेतु **06** प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनका विवरण **परिशिष्ट 'ख'** में वर्णित है।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचार कर आदेश पारित करने का कष्ट करें।

मद संख्या–13

समस्त उत्तराखण्ड के मोटर कैब, मैक्सी कैब एवं ठेका बस परमिटों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार व आदेश।

1– मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–2 की उपधारा–(7) में ठेका यान को निम्न प्रकार परिभाषित किया गया हैः–

'' ठेका गाड़ी'' (कान्ट्रेक्ट कैरिज) से ऐसा मोटरयान अभिप्रेत है जो भाड़े या पारिश्रमिक पर यात्री या यात्रियों का वहन करता है और जो किसी व्यक्ति द्वारा ऐसे यान के सम्बन्ध में किसी प्रकार के धारक या इस निमित्त उसके द्वा प्राधिकृत किसी व्यक्ति के साथ ऐसे सम्पूर्ण यान के उपयोग के लिये की गयी किसी अभिव्यक्त या विवक्षित संवि अधीन, उसमें वर्णित यात्रियों के किसी नियत या तय हुई दर या धनराशि पर–

(क) समय के आधार पर, चाहे वह किसी मार्ग या दूरी के प्रति निर्देश से है अथवा नहीं, या

(ख) एक स्थान से अन्य स्थान तक, और इन दोनों में से किसी भी दशा में, यात्रा के दौरान ऐसे यात्रियों को, जो संविदा में सम्मिलित नहीं हैं, चढ़ाने या उतारने के लिये कहीं भी रूकता नहीं है, और इसके अन्तर्गत–

(i) बड़ी टैक्सी (मैक्सी कैब) और

(ii) मोटर टैक्सी (कैब), इस बात के होते हुये भी है कि इसके यात्रियों से अलग–अलग किराए प्रभारित किए जाते हैं।''

2– उपरोक्त के अतिरिक्त परमिटों हेतु आवेदन करने तथा परमिट स्वीकृत करने के सम्बन्ध में मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–80 की उपधारा–2 में निम्न प्राविधान किया गया हैः–

''प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण (राज्य परिवहन प्राधिकरण या धारा–66 की उपधारा (1) में विहित अन्य प्राधिकारी) साधारणतः इस अधिनियम के अधीन किसी भी समय किसी भी प्रकार के परमिट के लिए किए गए आवेदन को मंजूर से इन्कार नहीं करेगाः

परन्तु प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण कोई आवेदन संक्षिप्ततः नामंजूर कर सकेगा यदि आवेदन के अनुसार किसी परमिट के देने से यह प्रभाव पड़ेगा कि धारा–71 की उपधारा–3 के खण्ड (क) के अधीन राजपत्र में अधिसूचना में नियत और विनिर्दिष्ट मंजिली गाड़ियों की संख्या में या धारा–74 की उपधारा (3) के खण्ड (क) के अधीन राजपत्र में अधिसूचना में नियत और विनिर्दिष्ट ठेका–गाड़ियों की संख्या में वृद्धि होगीः

परन्तु यह और कि जहां प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण (राज्य परिवहन प्राधिकरण या धारा–66 की उपधारा (1) में विहित अन्य प्राधिकारी) इस अधिनियम के अधीन किसी भी प्रकार के परमिट देने सम्बन्धी आवेदन को नामंजूर क

वहां वह आवेदक को उसके नामंजूर किए जाने के अपने कारण लिखित रूप में देगा और इस विषय में उसे सुनवाई का अवसर देगा।

3– मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–74 की उपधारा–3 (क) में पॉच लाख से अन्यून जनसंख्या वाले शहरों के लिए निम्न प्राविधान किया गया हैः–

''राज्य सरकार, यदि उसे केन्द्रीय सरकार द्वारा यानों की संख्या, सड़क की दशा और अन्य सुसंगत विषयों को ध्यान में रखते हुये, इस प्रकार निर्दिष्ट किया जाये तो वह राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, राज्य परिवहन प्राधिकरण अ

परिवहन प्राधिकरण को यह निर्देश देगी कि वह 5 लाख से अन्यून जनसंख्या वाले शहरों में नगर मार्ग पर प्रचालित होने वाली साधारणतया ठेका गाड़ी या किसी विर्निदिष्ट किस्म की ठेका गाड़ी की संख्या को, जो अधिसूचना में निय

विनिर्दिष्ट की जाये, सीमित करे।''

4– इस सम्बन्ध में अवगत करना है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 03–03–2001 की बैठक में प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा मोटर कैब, मैक्सी कैब एवं ठेका बस प्रकार की वाहनों को समस्त भारतवर्ष/उत्तराखण्ड के परमिट उदार नीति से जारी किये जा रहे थे, परन्तु अध्यक्ष, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 08–08–2002 को उक्त प्रकार की वाहनों को परमिट जारी करने के प्रदत्त अधिकारों को प्रतिनिधानित न करने एवं सम्भाग में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण तथा प्रदेश में राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में ही ऐसे परमिटों को जारी करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये थे तथा दिनांक 15–06–2005 की बैठक में सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण को केवल समस्त भारतवर्ष के मोटर कैब वाहन परमिट स्वीकृत करने के अधिकार प्रदत्त किये गये।

उपरोक्त आदेशों के पश्चात् चारधाम यात्रा में यात्रियों को सुगम, सस्ती एवं आरामदेह यातायात सुविधा उपलब्ध प्रदान कराने के उद्देश्य से राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड की बैठक दिनांक 30–04–2007 के अन्तर्गत अपने

सचिव को प्राधिकरण की अनुमोदन की शर्त पर नियमित बैठक होने तक हार्ड टॉप वाहनों को समस्त उत्तराखण्ड के अस्थाई परमिट स्वीकृत/जारी करने के अधिकार प्रदत्त किये गये हैं। उक्त प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा तद्नुसार स्थाई एवं अस्थाई परमिट स्वीकृत/जारी किये जा रहे हैं।

5— उपरोक्त के अतिरिक्त प्राधिकरण को यह भी अवगत् कराना है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड ने अपनी बैठक दिनांक 15—04—2004 में समस्त भारतवर्ष/उत्तराखण्ड के मोटर कैब, मैक्सी कैब एवं ठेका बस परमिट स्वीकृत करने विषयक नीति निर्धारित की थी कि **प्राधिकरण द्वारा परमिट स्वीकृत करने के उपरान्त ही आवेदक वाहन क्रय करेंगे तथा वित्त पोषक (फाईनेन्सर) बिना परमिट स्वीकृति के वाहन वित्त पोषित नहीं करेगा। परमिट स्वीकृत न होने की दशा में ऐसे वाहनों के अनधिकृत संचालन तथा फाईनेन्सर की देय किश्तों का भुगतान न करने की दशा में वाहन स्वामी के साथ—साथ वित्त पोषक भी स्वयं जिम्मेदार होगा तथा विक्रेता (डीलर) द्वारा वाहन तभी विक्रय की जाय जब तक प्रार्थी परमिट स्वीकृत होने का प्रमाण प्रस्तुत न करे। यदि प्राधिकरण की उक्त नीति के विरूद्ध आवेदक स्वेच्छा से वाहन क्रय करते हैं, वित्त पोषक बिना परमिट स्वीकृति के वाहन वित्त पोषित करता है एवं डीलर वाहन विक्रय करता है तो प्राधिकरण ऐसे प्रार्थियों को परमिट स्वीकृत करने के लिए बाध्य नहीं होगा।** प्राधिकरण की उक्त नीति से सर्वसम्बन्धित के सूचनार्थ दिनांक 15—04—2004 को विज्ञप्ति का प्रकाशन किया गया, जो दिनांक 16—04—2004 के दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी।

वर्तमान में समस्त उत्तराखण्ड के मोटर कैब, मैक्सी कैब एवं ठेका बस परमिटों के निम्न आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैंः—

(1)—<u>समस्त उत्तराखण्ड के मोटर कैबः—</u>

समस्त उत्तराखण्ड के मोटर कैब परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर मोटरयान अधिनियम—1988 की धारा—74 के अन्तर्गत विचार व आदेश।

इस सम्बन्ध में प्राधिकरण को अवगत् कराना है कि वर्तमान में समस्त उत्तराखण्ड के मोटर कैब/जीप टैक्सी के **569** परमिट वैध हैं तथा दिनांक **21—10—2011** तक समस्त उत्तराखण्ड के स्थायी मोटर कैब परमिटों हेतु **138** प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनका विवरण **<u>परिशिष्ट—'ग'</u>** में वर्णित है।

(2)–समस्त उत्तराखण्ड के मैक्सी कैबः–

समस्त उत्तराखण्ड के मैक्सी कैब परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–74 के अन्तर्गत विचार व आदेश।

इस सम्बन्ध में प्राधिकरण को अवगत् कराना है कि वर्तमान में समस्त उत्तराखण्ड के मैक्सी कैब के **4601** परमिट वैध हैं तथा दिनांक **21–10–2011** तक समस्त उत्तराखण्ड के स्थायी मैक्सी कैब परमिटों हेतु **1205** प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनका विवरण **परिशिष्ट–'घ'** में वर्णित है।

(3)–समस्त उत्तराखण्ड के ठेका बसः–

समस्त उत्तराखण्ड के ठेका बस परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–74 के अन्तर्गत विचार व आदेश।

इस सम्बन्ध में प्राधिकरण को अवगत् कराना है कि वर्तमान में समस्त उत्तराखण्ड के ठेका बस के **167** परमिट वैध हैं तथा दिनांक **21–10–2011** तक समस्त उत्तराखण्ड के स्थायी ठेका बस परमिटों हेतु **21** प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनका विवरण **परिशिष्ट–'च'** में वर्णित है।

मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–74 में दिये गये प्राविधानानुसार राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा समस्त उत्तराखण्ड के मोटर कैब, मैक्सी कैब एवं ठेका बसों को 09 वर्ष की मॉडल सीमा के प्रतिबन्ध के साथ एवं मैक्सी कैब/ठेका बसों के परमिटों पर ठेका गाड़ी के लिए अधिसूचित मार्गों को छोड़कर की शर्त एवं अन्य शर्तों के साथ–साथ उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली–1998 के नियम–70 में दी गई शर्तें अधिरोपित की जाती हैं।

मद संख्या–14

पंतजलि योगपीठ, महर्षि दयानन्द, हरिद्वार की वाहन संख्या–यूके08पीए–1001 को समस्त भारतवर्ष का ठेका बस परमिट जारी करने सम्बन्धी प्रत्यावेदन दिनांक 30–05–2011 पर विचार व आदेश।

पंतजलि योगपीठ के नाम बस संख्या–यूके08पीए–1001 है। जो दिनांक 23–05–2011 को हरिद्वार कार्यालय में पंजीकृत है। उक्त वाहन में 30 सीट बैठने की तथा 15 स्लीपर हैं। केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के नियम–128 में समस्त भारतवर्ष से आच्छादित बसों के सीट और सीटों के सम्बन्ध में निम्न व्यवस्था दी गयी हैः–

(ii) Seating layout shall be 5[two and two or one and two or one and one] on either side, all seats facing forward, with a clear gangway of at least 355 millimetres width at the centre. Each passenger seat shall have a minimum area of 447 millimetres × 457 millimetres and an arm rest on both sides and seat back of full height.

(iii) The seat frames shall be sturdy, properly finished and so mounted as to transfer the weight directly to the structural members of framework. The seats shall be of reclining type and adjustable.

(iv) The seats shall be so mounted as to provide at least 280 millimetres leg room from the front of the rear seat to the back of the front seat. A foot rest at suitable location and height shall be provided for every passenger.

वाहन में 30 सीटों के अतिरिक्त 15 स्लीपर लगे होने के कारण सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, हरिद्वार से वाहन की सीटों की लम्बाई, चौड़ाई, गैंग स्पैस, गैंगवे आदि ए0आई0टी0पी0 के मानकों के अनुरूप है अथवा नहीं के सम्बन्ध में पत्र संख्या–2065/एसटीए/2011–12 दिनांक 23–06–2011 द्वारा अपनी सुस्पष्ट आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के अनुपालन में परिवहन अधिकारी, हरिद्वार ने अपने पत्र संख्या–120/टी0आर0/यूके08पीए–1001/11 दिनांक 04–07–2011 द्वारा निम्न आख्या प्रेषित की हैः–

''1– वाहन संख्या–यूके08पीए–1001 जो पतांजलि योगपीठ ट्रस्ट, महर्षि दयानन्द ग्राम, दिल्ली–हरिद्वार हाईवे, हरिद्वार के नाम से दिनांक 23–05–2011 को किया गया है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार है :–

(1) ड्राईवर साईड के पीछे 2 x 2 की सीटें लगी हैं, और ड्राईवर के लैफ्ट साईड की ओर 1 x 1 की सीटें लगी हैं जिसकी 01 सीट की लम्बाई 1 फीट 8 इंच व चौड़ाई 1 फीट 10 इंच है। वाहन में कुल दायी साईड की ओर 8 x 2=16

एवं बायीं ओर 8 x 1=8 एवं बैक साईड में 04 सीटें लगी है। इस प्रकार 28 सीटें + 1 ड्राईवर सीट + 1 कन्डक्टर सीट कुल 30 सीट लगी है।

(2) वाहन में ड्राईवर साईड की पीछे की तरफ 5 स्लीपर दो व्यक्तियों के सोने के लिये एवं बायी तरफ 05 स्लीपर 1 व्यक्ति के सोने के लिये बनायें गये हैं, इस प्रकार दायी ओर 5 x 2=10 व्यक्ति एवं बायी ओर 5 x 1=5 कुल 15 व्यक्तियों के सोने की व्यवस्था है। स्लीपर वाहन के फ्लौर से 4 फीट 7 इंच पर बनाये गये, फ्लौर से ऊपर तक की छत की ऊंचाई 8 फीट 1 इंच है। दायी साईड के स्लीपर की लम्बाई 6 फीट व चौड़ाई 4 फीट है। बायी साईड के स्लीपर की लम्बाई 6 फीट व चौड़ाई 2 फीट 2 इंच है।

(3) लेग स्पेस 1 फीट 8 इंच।

(4) वाहन में गेंगवे 2 फीट 2 इंच है।

(5) ड्राईवर सीट के पास कन्डक्टर सीट लगी है।

(6) वाहन में 28 व्यक्तियों के बैठने की सीटें तथा 1 कन्डक्टर व 1 ड्राईवर की सीट है। इस प्रकार बैठने की 28+2 सीटें एवं 10+5 व्यक्तियों के सोने की व्यवस्था है।

(7) वाहन का व्हीलबेस 20 फीट 4 इंच है।

(8) वाहन का ओवर हैंग 10 फीट 11 इंच है।

(9) वाहन की चौड़ाई अन्दर से 8 फीट 1 इंच है।

इस प्रकार की वाहन पहली बार हरिद्वार कार्यालय में पंजीकृत हुई। भविष्य के लिये उत्तराखण्ड के सभी परिवहन कार्यालयों में उक्त प्रकार के वाहनों के पंजीकरण मे एकरूपता बनाए जाने के लिये सड़क सुरक्षा की दृष्टि से की गणना एवं स्लीपर के दृष्टिकोण से वाहनों के पंजीयन के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये जाने की कृपा करना चाहेंगे।''

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के नियम–128 में प्राविधानित सभी विशिष्टियों की पूर्ति हो रही है। स्लीपर की अतिरिक्त व्यवस्था की गयी है जो नियम–128 में वर्णित नहीं है। स्लीपर सीट पर टैक्स की व्यवस्था उत्तरांचल कराधान सुधार अधिनियम, 2003 की प्रथम अनुसूची के स्पष्टीकरण (दो) में निम्नवत की गयी है :–

"Where a motor vihicle is equipped with sleeping berths, each sleeping berth shall, for the purposes of Article I and II this part be regarded as the equivalent of two passenger seats."

अतः प्राधिकरण मामले पर विचार कर आदेश पारित करने का कष्ट करें।

मद संख्या–15

राज्य परिवहन प्राधिकरण के परमिटों से आच्छादित व्यवसायिक वाहनों के ओवरलोडिंग/ओवरस्पीडिंग में दो या दो से अधिक बार प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा किये गये चालान, जो वर्तमान में अनिस्तारित हैं, के परमिटों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–86 के अन्तर्गत कार्यवाही करने पर विचार व आदेश पारित करना।

इस सम्बन्ध में अवगत् कराना है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा अपनी बैठक दिनांक 15–07–2003 के संकल्प संख्या–15 में आदेश पारित किए गये थे कि **''ओवरलोडिंग के प्रथम अपराध को प्रशमित किया जाय तथा द्वितीय एवं तृतीय अपराध में क्रमशः परमिट एवं लाईसेन्स के निलम्बन/निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाय।''** प्राधिकरण के उक्त निर्देशों के अनुपालन में प्रदेश के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा दो या दो से अधिक बार ओवरलोडिंग के अभियोगों में किये गये चालान, परमिटों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–86 की कार्यवाही हेतु सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण को प्रेषित् किये गये हैं।

मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–86 में परमिटों के विरूद्ध धारा–86 की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निम्न प्राविधान किया गया है:–

(1) जिस परिवहन प्राधिकरण ने परमिट दिया है वह निम्नलिखित दशाओं में परमिट रद्द कर सकेगा या इतनी अवधि के लिए निलम्बित कर सकेगा, जितना वह ठीक समझे।

(ख) यदि परमिट का धारक किसी यान का उपयोग किसी ऐसी रीति से करता है या कराता है या करने देता है, जो परमिट द्वारा प्राधिकृत नहीं है।

x x x

परन्तु कोई भी परमिट तब तक निलम्बित या रद्द नहीं किया जायेगा जब तक परमिट के धारक को अपना स्पष्टीकरण देने का अवसर न दे दिया गया हो।

(3) जहॉ परिवहन प्राधिकरण किसी परमिट को रद्द या निलम्बित करता है वहां वह की गई कार्यवाही के बारे में अपने कारण उसके धारक को लिखित रूप से देगा।

(5) जहां कोई परमिट उपधारा (1) के खण्ड (क) या खण्ड (ख) या खण्ड (ङ) के अधीन रद्द या निलम्बित किए जाने योग्य है और परिवहन प्राधिकरण की यह राय है कि मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परमिट को इस प्रकार रद्द या निलम्बित करना उस दशा में आवश्यक या समीचीन न होगा जब परमिट का धारक एक निश्चित धनराशि देने के लिए सहमत हो जाता है वहां उपधारा (1) में किसी बात के होते हुए भी परिवहन प्राधिकरण, यथास्थिति, परमिट को रद्द या निलम्बित करने के बजाय परमिट के धारक से वह धनराशि वसूल कर सकेगा जिसके बारे में सहमति हुई है।

मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–86 में दिए गये प्राविधानानुसार प्रदेश के प्रवर्तन अधिकारियों, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग से परमिट के विरूद्ध धारा–86 की कार्यवाही की संस्तुति के आधार पर 16 मामले प्राप्त हुये हैं, जिनका विवरण **परिशिष्ट–'छ'** में वर्णित है।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचार कर आदेश पारित करने का कष्ट करें।

मद संख्या–16

अन्य मद अध्यक्ष, राज्य परिवहन प्राधिकरण की आज्ञा से।

सचिव,
राज्य परिवहन प्राधिकरण,
उत्तराखण्ड।

राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड की बैठक दिनांक 31–10–2011 के अन्य मद

अन्य मद 16 (1)

मोटरकैब एवं टैक्सी कैब परमिटों के मॉडल सीमा पूर्व की भांति 15 वर्ष करने सम्बन्धी अध्यक्ष, गढवाल जीप टैक्सी समिति, कोटद्वार जिला गढवाल के मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड सरकार एवं अन्य को सम्बोधित प्रत्यावेदन दिनांक 19–09–2011 पर विचार व आदेश।

अध्यक्ष, गढवाल जीप टैक्सी समिति, कोटद्वार के अन्य के साथ मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड सरकार को सम्बोधित तथा परिवहन आयुक्त कार्यालय को पृष्ठांकित पत्र दिनांक 19–09–2011 प्राप्त हुआ है। जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि परिवहन प्राधिकरण की बैठक में दिनांक 20–06–2006 के संकल्प संख्या–07 में यह निर्णय लिया गया था कि जीप टैक्सी/मैक्सी कैब वाहनों की आयु सीमा 15 वर्ष से घटाकर 12 वर्ष किया गया है व 10 वर्ष खत्म हो जाने के बाद 2 वर्ष तथा 6 माह के अन्तराल में भौतिक निरीक्षण करने के बाद ही स्वास्थता प्रमाणपत्र जारी किया जाए। इसी बैठक में यह निर्णय भी लिया गया था कि 20–06–2006 से पहले जिन वाहनों को 15 वर्ष की आयु सीमा की अवधि के लिए जारी किये गये परमिटों से आच्छादित वाहनों की माडल सीमा 15 वर्ष ही रहेगी। 15 वर्ष पूर्ण होने पर ऐसे परमिटों पर ऊंचे माडल की वाहन प्रतिस्थापित करते समय 12 वर्ष की माडल सीमा की शर्त अधिरोपित की जाए।

परिवहन अधिकारी, पौड़ी द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिन वाहनों की आयु सीमा पूर्व में 15 वर्ष निर्धारित की गई थी उनको अगर वह वाहन स्वामी बेचता है व दूसरा वाहन स्वामी वाहन को अपने नाम परमिट ट्रान्सफर करता है तो उसकी आयु सीमा 12 वर्ष कर दी जाती है। जो कि परिवहन प्राधिकरण की बैठक दिनांक 20–06–2006 के संकल्प संख्या–7 के अनुरूप नहीं है। क्योंकि वाहन का रजिस्ट्रेशन व नम्बर व माडल वही है सिर्फ मालिक ही बदली

हुआ है। इस स्थिति में वाहन की आयु सीमा घटाना सरासर गलत है। इससे गाडी मालिकों को आर्थिक क्षति होगी। उनके द्वारा जिन वाहनों की परिवहन प्राधिकरण की बैठक दिनांक 20–06–2006 से पूर्व में 15 वर्ष की आयु सीमा के परमिट जारी किये गये हैं, इनका ट्रान्सफर करते समय उन वाहनों की आयु सीमा 15 वर्ष पूर्व की भांति यथावत रखे जाने का अनुरोध किया गया है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणों द्वारा जारी किये जा रहे मोटरकैब, मैक्सी कैब परमिटों की मॉडल सीमा में एकरूपता न होने के कारण, एकरूपता लाने के उद्देश्य से मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–68 की उपधारा (4) में दिये गये प्राविधानानुसार प्रदेश के सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणों द्वारा जारी किये जा रहे मोटरकैब, मैक्सी कैब परमिटों के मॉडल सीमा के सम्बन्ध में अपनी बैठक दिनांक 20–06–2006 के संकल्प संख्या–7 के अन्तर्गत निम्न आदेश पारित किये गये हैं :–

''मद संख्या–07 के अन्तर्गत पर्वतीय मार्गों पर संचालित मोटर कैब एवं मैक्सी कैब वाहनों की आयु सीमा कुमाऊॅ सम्भाग में 10 वर्ष तथा पौड़ी व देहरादून सम्भाग में 15 वर्ष होने के कारण गढ़वाल एवं कुमाऊॅ मण्डल क परिस्थितियॉ एक समान होने के फलस्वरूप राज्य के सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणों द्वारा पर्वतीय मार्गों पर संचा मोटर कैब/मैक्सी कैब वाहनों की मॉडल सीमा में एकरूपता न होने के कारण पर्वतीय मार्गों पर संचालित उपरा प्रकार की वाहनों की मॉडल सीमा में एकरूपता लाने के लिए नीति निर्धारण के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों तथा समय–समय पर वाहन स्वामियों द्वारा प्राप्त सुझावों पर मामले को प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत था। प्राधिकरण द्वारा सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून, पौड़ी एवं हल्द्वानी द्वारा पर्वतीय मार्गों पर संचालित उपरोक्त प्रकार की वाहनों के परमिटों पर अधिरोपित की जा रही मॉडल सीमा के सम्बन्ध में गम्भीरता से वि गया तथा विचार विमर्श के दौरान अपर सचिव एवं अपर विधि परामर्शी द्वारा यह भी मन्तव्य व्यक्त किया गया कि पर्वतीय मार्गों पर संचालित मोटर कैब, मैक्सी कैब वाहनों की मॉडल सीमा 08 वर्ष रखी जा सकती है, परन्तु सर्वसम्मति से विचार किया गया तथा विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि गढ़वाल एवं कुमाऊॅ मण्डल के पर्वतीय मार्गों की भौगोलिक परिस्थिति एक समान होने तथा प्राधिकरणों द्वारा उक्त प्रकार के परमिटों पर लगाई जा रही शर्तों में एकरूपता न होने के कारण मोटरगाड़ी अधिनियम–1988 की धारा–68 की उपधारा (3) व (4) में दिये गये प्राविधानानुसार शक्ति का प्रयोग करते हुए पर्वतीय मार्गों पर बढ़ती हुई दुर्घटनाओं एवं जान–माल की हा रखते हुए दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं जनता को सुरक्षित तथा सुविधाजनक यातायात उपलब्ध कराने के उद्देश्य

से प्रदेश के सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणों द्वारा पर्वतीय मार्गों पर जारी किए जा रहे मोटर कैब एवं मैक्स से आच्छादित वाहनों की मॉडल सीमा 12 वर्ष निर्धारित की जाती है। 10 वर्ष की आयु हो जाने के पश्चात् वाहन की फिटनैस एक समिति के द्वारा की जाय। समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे–

1– सम्भागीय परिवहन अधिकारी/सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (जहॉ सम्भागीय परिवहन अधिकारी न हों।)

2– सम्भागीय/सहा0 सम्भागीय निरीक्षक।

समिति द्वारा परमिट पर आच्छादित वाहन की आयु 10 वर्ष पूर्ण हो जाने के पश्चात् प्रत्येक 6–6 माह के अन्तराल में 02 वर्ष तक वाहन का भौतिक निरीक्षण करते हुए वाहन उपयुक्त पाये जाने पर स्वस्थता प्रमाण पत्र ज किया जाय। पूर्व में 15 वर्ष की आयु सीमा की अवधि के लिए जारी किए गये परमिटों पर आच्छादित वाहनों की मॉडल सीमा 15 वर्ष समाप्त हो जाने के पश्चात् ऐसे परमिटों पर ऊॅचे मॉडल की वाहन प्रतिस्थापित करते समय 12 वर्ष मॉडल सीमा की शर्त अधिरोपित की जाय। साथ ही उक्त गठित समिति द्वारा पूर्व में जारी परमिटों पर संचालित मोटर कैब एवं मैक्सी कैब वाहनों द्वारा 10 वर्ष आयु सीमा पूर्ण करने के पश्चात् 6–6 माह का स्वस्थता प्रमाण पत्र जाय।

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि जीप प्रकार की मोटर कैब, मैक्सी कैब वाहनों में (ओवरलोडिंग को देखते हुए) चालक केबिन में पार्टीशन होने पर ही स्वस्थता प्रमाण जारी किया जाय। उपरोक्त शर्तों का अनुपालन करने हेतु प्रदेश के सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाय।''

अतः प्राधिकरण मामले पर विचार कर आदेश पारित करने का कष्ट करें।

<u>अन्य मद 16 (2)</u>

समस्त भारतवर्ष के परमिट संख्या–4477/एसटीए/मैक्सी पर संचालित वाहन संख्या–यूए08डी–9974 जिसका रंग लाल है, के अधिकार पत्र नवीनीकरण करने के सम्बन्ध में श्री प्रमोद नेगी, बी–15, शारदा नगर, ज्वालापुर, हरिद्वार के प्रत्यावेदन दिनांक 20–10–2011 पर विचार व आदेश।

श्री प्रमोद नेगी, बी–15, शारदा नगर, ज्वालापुर, हरिद्वार के नाम मैक्सी कैब परमिट संख्या–4477 है, जो दिनांक 11–07–2015 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूए08डी–9974 मॉडल 2005 संचालित है। जिसका रंग लाल है। समस्त भारतवर्ष के मोटरकैब, मैक्सी कैब, ठेका बस के परमिटों पर संचालित वाहनों के सम्बन्ध में केन्द्रीय मोटरयान

नियमावली, 1989 के नियम–85 में धारा–88 की उपधारा (9) के अधीन मोटरकैब से भिन्न किसी पर्यटन यान को दिये गये प्रत्येक पर्यटक परमिट की अतिरिक्त शर्तें निर्धारित की गयी है। उक्त नियम के उपनियम (7) में मोटरकैब से भिन्न पर्यटन यान के रंग के सम्बन्ध में निम्न व्यवस्था दी गयी है :–

"The tourist vehicle shall be painted in white colour with blue ribbon of five centimetres width at the centre of the exterior of the body and the word "Tourist" shall be inserted on two sides of the vichile within a circle of sixty centimetres diameter."

प्रार्थी की वाहन मोटरयान अधिनियम, 1989 के नियम–85 (7) के अनुरूप न होकर लाल रंग की है। जो उक्त नियम के विरूद्ध है।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचार कर आदेश पारित करने का कष्ट करें।

<u>अन्य मद 16 (3)</u>

श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामशरण, निवासी 528 मोहनपुरा, रूड़की के वाहन संख्या–यूके08टीए–2372 मॉडल 2010 को जारी किये गये समस्त भारतवर्ष का मोटरकैब परमिट संख्या–11285 को निरस्त करने सम्बन्धी प्रत्यावेदन दिनांक 22–10–2011 पर विचार व आदेश।

श्री धर्मेन्द्र सिंह ने 22–10–2011 को एक प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया है, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया है कि *''उक्त परमिट पर आच्छादित वाहन को चालक से चलवाने में मुझे काफी नुकसान हो गया है। अगर चालक को कुछ कहते है तो प्रति दिन वाहन में टूट फूट करके लाता है। जिससे मैं बहुत परेशान हूँ और उक्त वाहन को निजी में परिवर्तित कराना चाहता हूँ। ताकि अपने घर के कार्य में प्रयोग कर सकूं। उक्त वाहन पर मेरे को कम्पनी द्वारा रिवेट नहीं दिया गया है। यदि मेरा वाहन किराये की सवारी ढोती हुयी पायी जायेगी तो उसे तत्काल सीज कर दिया जाय।''* उक्त परमिट धारक वाहन व्यवसायिक में संचालित करने पर हो रही आर्थिक हानि के दृष्टिगत निरस्त करने की प्रार्थना की है।

श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामशरण, निवासी 528 मोहनपुरा, रूड़की के नाम मोटरकैब परमिट संख्या–11285 है जो दिनांक 27–01–2016 तक समस्त भारतवर्ष के मार्ग हेतु वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूके08टीए–2372 मॉडल 2010 संचालित है। उत्तराखण्ड गठन से पूर्व पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा समस्त भारतवर्ष के मोटरकैब, मैक्सी कैब परमिटों पर संचालित वाहनों को परमिट जारी करने की तिथि से 05 वर्ष तक निजी वाहन के रूप में परिर्वतन की अनुमति नही दिये जाने की शर्त अधिरोपित की गयी थी। जो वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य में भी लागू है। पूर्व में वाहन स्वामी द्वारा मोटरकैब, मैक्सी कैब वाहन क्रय करने के पश्चात् उसे व्यवसायिक वाहन के रूप में पंजीकृत करने पर वाहन निर्माताओं द्वारा उक्त वाहनों को केन्द्रीय उत्पाद शुल्क से छूट दी जाती थी। सम्भवतः उक्त प्रकार के व्यवसायिक वाहनों को केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में छूट दिये जाने के उद्देश्य से ''05 वर्ष तक वाहन निजी में परिवर्तित नहीं की जायेगी की'' शर्त अधिरोपित की गयी होगी। वर्तमान में मोटरकैब वाहनों को केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में छूट नहीं दी जा रही है। प्रार्थी द्वारा भी अपने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि उनकी वाहन को उत्पादन शुल्क से छूट नहीं दी गयी है।

इस सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि केन्द्र सरकार द्वारा जिन व्यसायिक मोटरकैब वाहनों को केन्द्रीय उत्पाद शुल्क की छूट से वंचित रखा है। ऐसे वाहनों अधिरोपित की गयी उपरोक्त शर्त में संशोधन करने के सम्बन्ध में मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–74 की उपधारा (2) के खण्ड (ix) में निम्न प्राविधान किया गया है :–

"That the Regional Transport Authority may, after giving notice of not less than one month-
(a) vary tha conditions of the permit ;
(b) attach to the permit further conditions;"

अतः प्राधिकरण मामले पर विचार कर आदेश निर्गत करने का कष्ट करें।

अन्य मद 16 (4)

मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में दायर रिट पिटीशन संख्या–1499/2007 (एम/एस), 1547/2007 (एम/एस) एवं 1618/2007 (एम/एस) श्री एस0के0 श्रीवास्तव बनाम् उत्तराखण्ड राज्य तथा अन्य में दिनांक 18–12–2008 को पारित आदेशों का अनुपालन करने विषयक श्री एस0के0 श्रीवास्ताव, 4 बी, राजा रोड़, देहरादून के प्रत्यावेदन दिनांक 25–10–2011 पर विचार व आदेश।

श्री एस0के0श्रीवास्तव ने अपने उक्त पत्र में उल्लेख किया है कि प्रार्थी को अपील संख्या–9/2004 पर मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा देहरादून–पौंटा साहिब वाया विकासनगर–डाकपत्थर मार्ग पर एक स्थायी सवारी गाड़ी परमिट स्वीकृत किया गया था। उक्त आदेशों से प्राधिकरण असहमत होने की दशा में मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में याचिका प्रस्तुत की गयी थी। प्रार्थी द्वारा मा0 न्यायाधिकरण के आदेशों के अनुपालन कराने हेतु मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में समक्ष याचिका आयोजित की गयी थी। मा0 उच्च न्यायालय द्वारा परमिट जारी करने के आदेश पारित किये गये थे। प्राधिकरण द्वारा उक्त आदेशों के अनुपालन में देहरादून से कुल्हाल तक का ही परमिट जारी किया गया था। शेष भाग को आगामी बैठक में परिवहन करार के पश्चात् रखने के आदेश पारित किये गये थे। दिनांक 25–10–2011 के दैनिक जागरण समाचार पत्र से ज्ञात हुआ कि परिवहन करार सम्पन्न हो गया है। मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करने हेतु प्राधिकरण की दिनांक 31–10–2011 की बैठक में मामले को सम्मिलित करते हुये पौंटा साहिब तक का परमिट जारी किया जाय।

इस सम्बन्ध में अवगत् कराना है कि अपीलार्थी द्वारा सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून के कार्यालय में देहरादून–पौंटा साहिब वाया विकासनगर–डाकपत्थर मार्ग के स्थायी सवारी गाड़ी परमिट हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। इस प्रार्थना पत्र को सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून की बैठक दिनांक 03–01–2004 में विचार

व आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया। प्राधिकरण द्वारा मामले पर विचारोपरान्त मार्ग पर दोनों राज्यों की निगम की बसों का पर्याप्त मात्रा में संचालन होने एवं मार्ग पर प्रार्थना पत्र आमन्त्रित न करने के कारण उक्त मार्ग के लिए प्राप्त स्थायी/अस्थायी सवारी गाड़ी परमिटों के प्रार्थना पत्रों को अस्वीकृत कर दिया गया था। प्राधिकरण के उक्त आदेशों के विरूद्ध याचिकाकर्ता द्वारा मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, उत्तराखण्ड के समक्ष अपील संख्या–09/2004 दायर की गई, जिसमें मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा दिनांक 09–04–2007 को निम्न आदेश पारित किये गयेः–

''अपीलार्थी की अपील स्वीकार की जाती है। अपीलार्थी का स्थायी सवारी गाड़ी परमिट का प्रार्थना पत्र, जो देहरादून–पौंटा साहिब वाया विकासनगर मार्ग का है, स्वीकृत किया जाता है, लेकिन प्रतिबन्ध यह है, कि अपीलार्थी के विधिसम्मत आदेश पर कुल्हाल से पौंटा साहिब तक 1 किलोमीटर तक का मार्ग जो हिमाचल राज्य की सीमा में पड़ है, मोटरयान अधिनियम–1988 में दी गयी विधि व्यवस्था के तहत हिमाचल राज्य के प्रतिहस्ताक्षर के अधीन होगा

देहरादून–पौंटा साहिब वाया विकासनगर–डाकपत्थर मार्ग अन्तर्राज्यीय मार्ग है। इस मार्ग का कुल्हाल से पौंटा साहिब तक का भाग हिमाचल प्रदेश में पड़ता है। उत्तराखण्ड राज्य गठन से पूर्व पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश के मध्य दिनांक 05–05–1985 को हुई सहमति के आधार पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों को देहरादून–पौंटा साहिब वाया विकासनगर–डाकपत्थर मार्ग पर 06 रिटर्न ट्रिप्स संचालन करने हेतु आपसी सहमति बनी थी। उत्तराखण्ड गठन के पश्चात् वर्ष 2003 में भारत सरकार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना संख्या–एसओ 1233ई दिनांक 17–10–2003 द्वारा दोनों राज्यों के निगमों का विभाजन हो जाने के फलस्वरूप उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या–657/परि0/2002– 598(परि0)/2003 दिनांक 31–10–2004 द्वारा उत्तराखण्ड परिवहन निगम अस्तित्व में आ गया था। उत्तराखण्ड एवं हिमाचल प्रदेश के मध्य अन्तर्राज्यीय परिवहन करार पर सहमति बनने के पश्चात् अधिसूचना संख्या–194/ix/526/2007 दिनांक 26–03–2007 द्वारा मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–88 (5) में दिये गये प्राविधानानुसार अधिसूचना प्रकाशित की जा चुकी थी। दोनों राज्यों के

प्रस्तावित परिवहन करार के बिन्दु संख्या–11(3) में मंजिली गाड़ी मार्ग पूर्णतः अथवा ऑशिक रूप से राष्ट्रीयकृत होने की दशा में पारस्परिक करारकर्ता राज्य की समझौते के अन्तर्गत संचालित की जाने वाली परिवहन निगम की वाहनें ही अनुमन्य होंगी, शर्त निर्धारित की गई थी।

प्रस्तावित करार विलेख के बिन्दु संख्या–11 (9) के अनुसार कुल्हाल और पौंटा साहिब के बीच दोनों निगमों के प्रबन्ध निदेशक आपसी सहमति से आवश्यकतानुसार शटल सेवायें संचालित करने एवं उक्त व्यवस्था भी मूल करार का ही भाग समझी जायेगी, शर्त अनुमन्य की गयी थी।

इसके अतिरिक्त यह भी अवगत् कराना है कि देहरादून–पौंटा साहिब वाया विकासनगर–डाकपत्थर मार्ग का देहरादून से प्रेमनगर राष्ट्रीयकृत मार्ग का भाग है तथा इस मार्ग का कुल्हाल से पौंटा साहिब तक का भाग हिमाचल प्रदेश में होने से अन्तर्राज्यीय मार्ग है। अन्तर्राज्यीय मार्ग के सम्बन्ध में मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–88(1) के प्रतिबन्धों के अनुसार परमिट प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण द्वारा प्रतिहस्ताक्षर होने पर ही वैधता की शर्त निर्धारित है।

मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, उत्तराखण्ड के आदेश दिनांक 09–04–2007 का उल्लेख करते हुए सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा प्रश्नगत् प्रकरण पर पूर्ण स्थिति से अध्यक्ष, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड को अवगत् कराते हुए अग्रिम निर्देश हेतु अनुरोध किया गया था। मार्ग अन्तर्राज्यीय होने व उत्तराखण्ड एवं हिमाचल राज्य के मध्य पारस्परिक परिवहन करार नहीं होने के कारण अध्यक्ष, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, उत्तराखण्ड के आदेशों के विरूद्ध पुर्नविचार रिट याचिका दायर करने हेतु निर्देशित किया गया था। अध्यक्ष, राज्य परिवहन प्राधिकरण के उक्त आदेशों के क्रम में पूर्ण स्थिति से अवगत् कराते हुए मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में रिट याचिका दायर करने हेतु शासन से अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। शासनादेश संख्या–68/ix/रिट/2007 दिनांक 31–07–2007 द्वारा अनुमति प्राप्त होने के पश्चात् विभाग द्वारा निम्न बिन्दुओं पर रिट याचिका संख्या–1499/(एम/एस)/2007 दायर की गयी।

i) देहरादून–पौंटा साहिब वाया विकासनगर अन्तर्राज्यीय मार्ग है। इस मार्ग का देहरादून से प्रेमनगर तक का भाग राष्ट्रीयकृत मार्ग का भाग है।

ii) उत्तराखण्ड गठन के पश्चात् देहरादून–पौंटा साहिब वाया विकासनगर मार्ग पर कोई भी परमिट जारी नहीं किया गया है।

iii) वर्तमान में दोनों राज्यों के मध्य पारस्परिक परिवहन करार संख्या–194/ix/526/2007 दिनांक 26–03–2007 प्रकाशित करते हुए आपत्तियॉ आमन्त्रित की गयी हैं।

iv) उत्तराखण्ड एवं हिमाचल राज्य के मध्य परिवहन करार की प्रक्रिया गतिमान है एवं शासन की हियरिंग ऑथोरिटी द्वारा उक्त समझौते के सम्बन्ध में आपत्तियॉ आमन्त्रित की गयी है। उपरोक्त परिवहन करार के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में रिट याचिका संख्या–471/(एम0बी0)/2007 दायर की गयी है, जो मा0 न्यायालय के विचाराधीन है।

v) प्रस्तावित पारस्परिक परिवहन करार के बिन्दु संख्या–11(3) में मंजिली गाड़ी मार्ग पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से राष्ट्रीयकृत होने की दशा में पारस्परिक करारकर्ता राज्य की समझौते के अन्तर्गत संचालित की जाने वाली परिवहन निगम के वाहन ही संचालित होने की शर्त अनुमन्य की है।

vi) प्रस्तावित परिवहन करार में मात्र परिवहन निगम की ही कुल्हाल से पौंटा मार्ग पर शटल सेवा संचालित करने की शर्त अनुमन्य की गयी है।

उपरोक्त के अतिरिक्त देहरादून–पौंटा वाया विकासनगर–डाकपत्थर मार्ग का कुल्हाल से पौंटा तक का भाग हिमाचल प्रदेश में पड़ने के कारण यह मार्ग अन्तर्राज्यीय मार्ग की श्रेणी में है। अन्तर्राज्यीय मार्गों पर परमिट जारी करने के सम्बन्ध में मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–88 की उपधारा– (1) व (5) में निम्न प्राविधान किया गया हैः–

"Section 88- Validation of permits for use outside region in which granted- (1) Except as may be otherwise prescribed, a permit granted by the Regional Transport Authority of any one region shall be valid in any other region, unless the permit has been countersigned by the Regional Transport Authority of that other region, and a permit granted in any one State shall not be valid in any other State unless countersigned by the State Transport Authority of that other State or by the Regional Transport Authority concerned;

Provided that a goods carriage permit, granted by the Regional Transport Authority of any one region, for any area in any other region or regions within the same State shall be valid in that area without the countersignature of the Regional Transport Authority of the other region or of each of the other regions concerned;

Provided further that where both the starting point and the terminal point of a route are situate within the same State, but part of such route lies in any other State and the length of such part does not exceed sixteen kilometres, the permit shall be valid in the other State in respect of that part of the route which is in that other State notwithstanding that such permit has not been countersigned by the State Transport Authority or the Regional Transport Authority of that other State;

Provided also that-

(a) where a motor vehicle covered by a permit granted in one State is to be used for the purposes of defence in any other State, such vehicle shall display a certificate, in such form, and issued by such Authority, as the Central Government may, by notification in the Official Gazette, specify, to the effect that the vehicle shall be used for the period specified therein exclusively for the purposes of defence; and

(b) any such permit shall be valid in that other State notwithstanding that such permit has not been countersigned by the State Transport Authority or the Regional Transport Authority of that other State."

(5) Every proposal to enter into an agreement between the States to fix the number of permits which is proposed to be granted or countersigned in respect of each route or area; shall be published by each of the State Governments concerned in the Official Gazette and in any one or more of the newspapers in regional language circulating in the area or route proposed to be covered by the agreement together with a notice of the date before which representations in connection therewith may be submitted, and the date not being less than thirty days from the date of publication in the Official Gazette, on which,

and the authority by which, and the time and place at which, the proposal and any representation received in connection therewith will be considered.

मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल ने विभाग द्वारा दायर की गयी रिट याचिका संख्या–1499/(एम/एस)/2007, रिट संख्या–1547/(एम/एस)/2007 श्री एस0के0 श्रीवास्तव बनाम् एसटीए (टी) तथा रिट संख्या–1618/(एम/एस)/2007 उत्तराखण्ड रोड़वेज तथा अन्य को खारिज करते हुए दिनांक 18–12–2008 को निम्न आदेश पारित किये हैं:–

X X X

After hearing the detailed arguments of the learned counsel for the parties, I dispose of all the three petitions by directing the State Transport Authority, Uttarakhand to take all possible steps immediately and without any delay for issuing route permit for "Dehradun-Ponta Saheb via Vikasnagar" Route in favour of S.K. Srivastava, this of course being subject to the fulfillment and compliance of all formalities as well as all requirements of law as enshrined and contemplated in the aforesaid sub-section (1) and sub-section (5) of section 88 of 1988 Act. The compliance with the aforesaid requirements of law is mendatory as well as binding.

All pending applications in all the three writ petitions shall stand disposed of.

मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल के उक्त आदेशों का अनुपालन हेतु मामले को राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड की बैठक दिनांक 28–02–2009 के मद संख्या–8 में प्रस्तुत किया गया था। प्राधिकरण द्वारा मामले पर विचारोपरान्त निम्न आदेश पारित किये गये :–

X X X

''अतः मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा–88 की उपधारा–(1) व (5) में वर्णित प्राविधानों के अनुसार प्रश्नगत् अर्न्तराज्यीय मार्ग पर श्री एस0के0 श्रीवास्तव के पक्ष में करने के लिए हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखण्ड राज्य के मध्य पारस्परिक परिवहन करार को शीघ्रताशीघ्र अन्तिम रूप दिये

जाने हेतु शासन से तुरन्त अनुरोध किया जाय जिससे कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन बिना किस अनावश्यक विलम्ब के किया जा सके।

प्रश्नगत मार्ग हेतु अनुपूरक मद संख्या–02 में वर्णित आवेदक प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए एवं प्राधिकरण से उत्तराखण्ड राज्य की सीमा तक ही परमिट स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया।

सुनवाई के उपरान्त प्राधिकरण द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि श्री एस0के0 श्रीवास्तव के पक्ष प्रश्नगत् मार्ग पर देहरादून–कुल्हाल उत्तराखण्ड राज्य की सीमा तक (हिमाचल राज्य के मार्ग भाग को छोड़कर) पूर्व प्रतिबन्धों एवं सामान्य शर्तों के साथ स्थायी सवारी गाड़ी परमिट स्वीकृत किया जाता है। स्वीकृत परमिट केवल 05 वर्ष तक की आयु सीमा की वाहन को अनुमन्य होगा। हिमाचल प्रदेश से उत्तराखण्ड के परिवहन करार के पश्चात् मा0 उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करने के लिए श्री एस0के0 श्रीवास्तव के मामले को राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में रखा जाय।''

X X X

उक्त आदेशों के अनुपालन में श्री एस0के0श्रीवास्ताव द्वारा देहरादून से पौंटा वाया कुल्हाल मार्ग का (उत्तराखण्ड राज्य की सीमा तक) स्थायी सवारी गाड़ी परमिट प्राप्त कर लिया गया है तथा मूल प्रार्थना पत्र पर आवेदित मार्ग कुल्हाल से पौंटा की प्रार्थना को यथावत रखा गया है। याचिकाकर्ता के अतिरिक्त प्रश्नगत मार्ग हेतु स्वयंमेव 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये थे। जिन्हें अन्य मद के अन्तर्गत प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। प्राधिकरण द्वारा इन प्रार्थना पत्रों को भी स्वीकार करते हुये देहरादून से कुल्हाल वाया विकासनगर मार्ग (उत्तराखण्ड राज्य की सीमा तक) का एक–एक स्थायी सवारी गाड़ी परमिट स्वीकृत किया गया। जिसमें से 17 प्रार्थियों द्वारा परमिट प्राप्त किये गये थे। इस प्रकार इस मार्ग पर कुल 18 परमिट वैध हैं।

प्राधिकरण की बैठक दिनांक 28–02–2009 के मद संख्या–8 एवं अनुपूरक मद संख्या–2 में पारित आदेशों के विरूद्ध श्री प्रशान्त जायसवाल द्वारा मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में स्पेशल अपील संख्या–200/2009 दायर की गयी थी। जिसमें मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 08–03–2011 को निम्नलिखित अंतिम आदेश पारित किये गये हैं :–

In the stay vacation application, filed by the state, it is being contended that the appellant, on the strength of permit granted by the State of Uttar Pradesh to him before the State of Uttarakhand was created, is plying buses on the route, commencing from Dehradun and terminating at Paonta Saheb respectively, situated in the State of Uttarakhand and the State of Himachal Pradesh, It may be possible that at the time of grant of permit in favour of the appellant, there was reciprocal aggrangement and agreement between the State of Uttar Pradesh and the State of Himachal Pradesh, pertaining to the said route, but after creation of the State of Uttarakhand, the said agreement has come to an end. Admittedly, the State of Uttarakhand has not yet made any arrangement or agreement with the State of Himachal Pradesh, pertaining to grant of permit on the said route.

(6) श्री कमल चन्द तिवारी पुत्र श्री जर्नादन तिवारी निवासी मं0न0–41, कुलसीवी, रानीखेत, अल्मोडा के नाम मोटर कैब परमिट संख्या–9437/एसटीए है। जो समस्त भारतवर्ष के मार्गो हेतु दिनांक 11–03–2015 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूके01टीए–0663 माडल 2010 संचालित है। उक्त वाहन को मार्ग चैकिंग के दौरान प्रवर्तन अधिकारी, हल्द्वानी द्वारा दिनांक 07–10–2010 एवं प्रवर्तन अधिकारी, अल्मोड़ा द्वारा दिनांक 12–01–2011 को चैक किया तथा चैकिंग के दौरान निम्न अभियोगों में चालान किया गया :–

1–चालान दिनांक 07–10–2010

(1) डी0एल0 की वैधता स्पष्ट नहीं है।

(2) वाहन में 05 के स्थान पर 06 सवारी बैठी पायी गयी है। चालान अनिस्तारित।

2–चालान दिनांक 12–01–2011

(1) वाहन में 05 के स्थान पर 06 सवारी बैठी हैं।

(2) 30–09–2010 के बाद कर अतिरिक्त कर जमा का प्रमाण नहीं दिखाया।

(3) प्रदूषण दिनांक 10–11–2010 को समाप्त है।

(4) डी0एल0 मे पर्वतीय मार्गों का पृष्ठांकन नहीं है। चालान अनिस्तारित।

उक्त चालानों के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–2336/एसटीए दिनांक 18–07–2011 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त पत्र के प्रत्युत्तर में परमिट धारक से कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है।

(7) श्री रणजीत सिंह रौतेला पुत्र श्री दरवान सिंह निवासी 227, दीप नगर, अजबपुरकलां, देहरादून के नाम मोटर कैब परमिट संख्या–493/एसटीए है। जो समस्त उत्तराखण्ड के मार्गो हेतु दिनांक 08–05–2012 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूए07बी–4766 माडल 2002 संचालित है। उक्त वाहन को मार्ग चैकिंग के दौरान प्रवर्तन अधिकारी, कोटद्वार द्वारा दिनांक 10–11–2009 एवं प्रवर्तन अधिकारी, पौड़ी द्वारा 19–06–2010 को चैक किया तथा चैकिंग के दौरान निम्न अभियोगों में चालान किया गया :–

1–चालान दिनांक 10–11–2009

(1) कुल 06 के सापेक्ष 10 व्यक्ति ले जा रहे हैं।

(2) डी0एल0/आरपी के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति की जाती है। चालान निस्तारित।

2–चालान दिनांक 19–06–2010

(1) स्वीकृत क्षमता 06 के सापेक्ष 11 व्यक्ति ले जा रहे हैं।
(2) चालक ने डी0एल0 प्रस्तुत नहीं किया। चालान अनिस्तारित।

उक्त चालान के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–2235/एसटीए दिनांक 29–07–2010 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। जो अवितरित कार्यालय में वापस प्राप्त हुआ है।

(8) श्री हेमराज थापा पुत्र श्री पंच बहादुर निवासी 101 विनोद बस्ती, त्यूनी, देहरादून के नाम मैक्सी कैब परमिट संख्या–581/एल0के0यू0 है। जो समस्त उत्तराखण्ड के मार्गो हेतु दिनांक 14–07–2015 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूके07टीए–0532 माडल 2008 संचालित है। उक्त वाहन को मार्ग चैकिंग के दौरान थाना अध्यक्ष, कालसी द्वारा दिनांक 14–10–2009 एवं 19–05–2011 को चैक किया तथा चैकिंग के दौरान निम्न अभियोगों में चालान किया गया :–

1–चालान दिनांक 14–10–2009
(1) वाहन 10 सवारी में पास है। जबकि वाहन में 19 सवारी ले जा रहें हैं। चालान निस्तारित।

2–चालान दिनांक 19–05–2011
(1) चालक के पास डी0एल0 नहीं है।
(2) गाड़ी में 13 सवारी बैठी है। जबकि 10 सवारी में पास है। चालान अनिस्तारित।

उक्त चालान के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–2455/एसटीए दिनांक 27–07–2011 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रश्नगत प्रकरण पर परमिट धारक से कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है।

(9) श्री मगन गिरी पुत्र श्री शीतल गिरी निवासी ग्रा0 व पो0 दौलतपुर, जिला हरिद्वार के नाम मैक्सी कैब परमिट संख्या–1942/एसटीए है। जो समस्त उत्तराखण्ड के मार्गो हेतु दिनांक 29–07–2015 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूए08ई–9322 माडल 2005 संचालित है। उक्त वाहन को मार्ग चैकिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक, यातायात, देहरादून द्वारा दिनांक 16–04–2010 एवं क्षेत्राधिकारी, यातायात, देहरादून द्वारा दिनांक 07–04–2011 को चैक किया तथा चैकिंग के दौरान निम्न अभियोगों में चालान किया गया :–

1–चालान दिनांक 16–04–2010

(1) वाहन 10 सवारी में पास है जबकि मौके पर 16 सवारी बैठी हैं। 06 सवारी ओवरलोड है। चालान अनिस्तारित।

2–चालान दिनांक 07–04–2011

(1) मौके पर वाहन को चैक किया। वाहन 10 सवारी में पास है। जबकि 14 सवारी पायी गयी। चालान अनिस्तारित।

उक्त चालान के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–2454/एसटीए दिनांक 27–07–2011 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रश्नगत प्रकरण पर परमिट धारक द्वारा कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है।

(10) श्री विनोद ध्यानी पुत्र श्री शिवानन्द ध्यानी निवासी शिबू नगर, कोटद्वार, पौड़ी गढवाल के नाम मैक्सी कैब परमिट संख्या–2603/एसटीए है। जो समस्त उत्तराखण्ड के मार्गो हेतु दिनांक 31–08–2016 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूए12–7351 माडल 2006 संचालित है। उक्त वाहन को मार्ग चैकिंग के दौरान उप जिलाधिकारी, चौबट्टाखाल द्वारा दिनांक 05–09–2008 एवं प्रवर्तन अधिकारी, कोटद्वार द्वारा दिनांक 24–09–2010, को चैक किया तथा चैकिंग के दौरान निम्न अभियोगों में चालान किया गया :–

1–चालान दिनांक 05–09–2008

(1) वाहन 10 सीट में पास है। 15 सवारी बैठी हैं।

(2) वाहन का दो बार चालान किया गया है। चालान निस्तारित।

2–चालान दिनांक 24–09–2010

(1) आगे की सीट पर 03 व्यक्ति बैठे हैं। असुरक्षित संचालन।

(2) 10 के स्थान पर 13 सवारी ले जा रहे हैं।

(3) डी0एल0 के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति की जाती है। चालान अनिस्तारित।

उक्त चालान के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–31/एसटीए दिनांक 04–01–2011 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त पत्र के प्रत्युत्तर में वाहन स्वामी द्वारा 02–09–2011 को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुये उल्लेख किया है कि *''मेरी गाड़ी संख्या–यूए12–7351 का चालान दिनांक 24–09–2010 में हुआ था जो कि ओवर लोडिंग के अपराध में हुआ है, जिसमें 13 सवारी ले जा रहे थे जिसके कारण मेंरा परमिट सं0–2603 आपके कार्यालय में है। इस चालान को छुटाने के लिए में बहुत बार आया, लेकिन आप के कार्यालय के कर्मचारियों ने यह चालान मिटींग में छुटेगा।*

लेकिन इन महिनों के अन्तर्गत आपके कार्यालय में मिटिंग नहीं हुई, जिसके कारण इन महिनों में मेरा परमिट संख्या–2603 दिनांक 22–08–2011 को समाप्त हो गया है, जिसके कारण मैने अपनी गाडी भी खडी की हुई है। ज गाड़ी लोन पे है, अब आप ही बताये कि मे गाडी की किस्त भी कहां से दूंगा, जब कि मेरा कोई दूसरा व्यवसाय भी नहीं है। जिससे मैं अपनी गाडी की किस्त और अपने परिवार का खर्चा चला संकू।''

(11) श्री खुशाल सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह निवासी सुबेदार मौहल्ला, लैन्सडोन, पौड़ी गढ़वाल के नाम मैक्सी कैब परमिट संख्या–3120/एसटीए है। जो समस्त उत्तराखण्ड के मार्गो हेतु दिनांक 04–12–2012 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूए12–8266 माडल 2007 संचालित है। उक्त वाहन को मार्ग चैकिंग के दौरान प्रवर्तन अधिकारी, कोटद्वार द्वारा दिनांक 27–05–2009 एवं पौड़ी द्वारा दिनांक 12–01–2011 को चैक किया तथा चैकिंग के दौरान निम्न अभियोगों में चालान किया गया :–

1– चालान दिनांक 27–05–2009

(1) कुल 08 के सापेक्ष वाहन में 9 सवारी बैठी है। असुरक्षित संचालन।
(2) चालक के डी0एल0 के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति की जाती है।
(3) लागबुक, यात्री सूची नहीं बनायी गयी है।
(4) फुटकर सवारियों का ढुलान करते पाये गये। चालान निस्तारित।

2–स0स0प0अ0 पौडी चालान दिनांक 12–01–2011

(1) 08 के सापेक्ष 10 सवारी ले जाते पाये गये।
(2) 08 व्यक्तियों के लिए वाहन पास है। 10 व्यक्ति बैठाने की व्यवस्था की गयी है। चालान अनिस्तारित।

उक्त चालान के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–461/एसटीए दिनांक 11–02–2011 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रश्नगत प्रकरण पर परमिट धारक से कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है।

(12) श्री यशवन्त सिंह परमार पुत्र श्री फुलेन्द्र सिंह निवासी खुरमोला, ब्रहमखाल, उत्तरकाशी के नाम मैक्सी कैब परमिट संख्या–3276/एसटीए है। जो समस्त उत्तराखण्ड के मार्गो हेतु दिनांक 05–12–2012 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूए10–4941 माडल 2007 संचालित है। उक्त वाहन दिनांक 09–12–2009 को धरासू–नालूपान के समीप क्षमता से अधिक सवारी ले जाने पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के फलस्वरूप सहायक परिवहन आयुक्त ने पत्र

संख्या–3115/टी0आर0/ दस–35/131/2009–10 दिनांक 05–10–2010 के द्वारा परमिट संख्या–3276 के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने की संस्तुति की गयी है तथा उनके द्वारा अपर जिलाधिकारी, डुण्डा द्वारा दिनांक 12–03–2010 को प्रस्तुत मजिस्ट्रीयल जांच आख्या की प्रति संलग्न की गयी है। जो निम्नवत है :–

''दिनांक 09–12–2009 को प्रातः करीब 9.10 बजे बडकोट से उत्तरकाशी जा रही महिन्द्रा मैक्स टैक्सी संख्या–यूए10–4941 ऋषिकेश–उत्तरकाशी मोटरमार्ग पर नालूपाणी में दुर्घटनाग्रस्त हुई, जिसमें 12 लोगों की वाहन चालक घायल हुआ। दुर्घटना की जिला मजिस्ट्रेट उत्तरकाशी के आदेश संख्या–1283/20–5 (2008–09 दिनांक 14–12–2009 से अधोहस्ताक्षरी को दुर्घटना का मजिस्ट्रियल जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच में सार्वजनिक सूचना पत्रांक मेमो/म0जांच–(03) मैक्स संख्या–यूए10–4941 दिनांक 19–01–10 जारी की गई। दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच आख्या बिन्दुवार इस प्रकार है :–

*1– **दुर्घटना का कारण –***

दुर्घटना के सम्बन्ध में सार्वजनिक सूचना के बाद भी कोई व्यक्ति साक्ष्य हेतु उपस्थित नहीं हुआ। नायब तहसीलदार/तहसीलदार डुण्डा की आख्यानुसार मैक्स संख्या–यूए10–4941 के घटनास्थल पर आते ही अचानक चट्टान से पत्थर वाहन पर गिरने के कारण वाहन अनियन्त्रित होकर सड़क से करीब 200 मीटर नीचे भागीरथी में जा गिरी।

*2– **वाहन में सवार व्यक्तियों की संख्या चालक सहित :–***

दुर्घटना के समय वाहन में चालक सहित 13 लोग सवार थे, जिसमें 12 की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो हुई तथा वाहन चालक घायल हुआ था।

*3. **मृतकों की वास्तविक संख्या व घायलों की विकलांगता का प्रतिशत :–***

दुर्घटना में 12 व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी तथा वाहन चालक घायल हुआ, जिसकी विकलांगता की कोई सूचना प्राप्त नहीं है।

*4. **मृतकों के उत्तराधिकारियों के नाम पता :–***

क्र0	*मृतक व्यक्ति का नात पता*	*मृतक के वारिसों के नाम पते*	*मृतक से सम्बन्ध*	*आयु*

सं0				
1	दिनेश सिंह जयाडा पुत्र गोपाल सिंह उम्र 30 वर्ष ग्राम डख्याटगांव	1. श्रीमती कविता पत्नी दिनेश सिंह 2. सर्वेश सिंह पुत्र ,, 3. कु0 कामना पुत्री ,,	पत्नी पुत्र पुत्री	31 10 08
2	जयेनद्र सिंह पुत्र मालचन्द, उम्र 58 वर्ष खनेड़ा, बडकोट	1. श्रीमती राजेन्द्री पत्नी जयेन्द्र सिंह 2. जयदेव सिंह 3. हरदेव सिंह 4. गोपाल सिंह पुत्रगण जयेन्द्र सिंह	पत्नी पुत्र ,,	50 32 28
3	दयाल सिंह पुत्र धूम सिंह उम्र 58 वर्ष खनेडा, बडकोट	1. श्रीमती जगदेईपत्नी दयाल सिंह 2. संजय पुत्र 3. हरपाल सिंह	पत्नी पुत्र	58 25
4	बालम सिंह पुत्र भवान सिंह उम्र 62 वर्ष ग्राम पौन्टी बडकोट	1. बिक्रम सिंह 2. अनीत व पुत्र 3. नितीन पुत्रगण बालम सिंह	पुत्र	54
5	विजयपाल सिंह पुत्र अतर सिंह 68 वर्ष पौन्टी, बडकोट	1. श्रीमती प्रेमपति पत्नी विजयपाल 2. जय सिंह 3. हरदेव सिंह पुत्र ,,	पत्नी पुत्र	63 28
6	गुलाबू पुत्र खिलारू उम्र 55 वर्ष ग्राम फैड़ी, भण्डारस्यू	1. श्रीमती सुरभादेवी पत्नी गुलाबू 2. धर्मलाल, रामलाल, अनूपलाल (पुत्र)	पत्नी पुत्र	50 24
7	राजेश उर्फ शम्भू पुत्र सूरजमणी 28 वर्ष ग्राम पनोथ, भण्डारस्यूं	1. श्रीमती कविता पत्नी राजेश 2. रंजीता 3. राहुल ,, 4. अभिशक 5. अभिजीत	पत्नी पुत्र	25 9 8
8	विपिन गिरी पुत्र ओमप्रकाश उम्र 25 वर्ष क्लेमेन्टाउन देहरादून	1. श्रीमती आशा गिरी पत्नी विपिन गिरी क्लेमेन्टाउन देहरादून	पत्नी	—
9	महेन्द्र सिंह हरित पु. रामलाल हरित उम्र 52 वर्ष म.335 ई. ब्लाक शास्त्री नगर, मेरठ	1. श्रीमती राजबाला पत्नी महेन्द्र सिंह हरित म.335 ई. ब्लाक शास्त्री नगर, मेरठ	—	—
10	बिजेन्द्र प्रसाद पुत्र बिशम्बर प्रसाद उम्र 28 वर्ष ग्राम बल्ला, डुण्डा।	श्रीमती भारती नौटियाल पत्नी बिजेन्द्र प्रसाद ग्राम बल्ला, डुण्डा	पत्नी	23
11	बिक्रम सिंह पुत्र अतर सिंह 60 वर्ष, पौन्टी, बडकोट	—	—	—
12	धनसिंह उर्फ धनबबहादुर नैपाली पुत्र काल्या, भैन्त,	अज्ञात	—	—

	रूकूम, रापति नैपाल			

उक्त में एक मृतक नैपाली होने से अभी उसके वारिस का पता नहीं हो पाया है।

उक्त वाहन दुर्घटना में वाहन चालक श्री मनोज कुमार पुत्र दर्शनलाल उम्र 23 वर्ष ग्राम सरतली वाला घायल हुआ था। जो अब स्वस्थ हो गया है तथा उसकी विकलांगता के बाबत कोई प्रमाण प्राप्त नहीं है।

5. ***परिवहन अधिकारी की तकनिकी रिपोर्ट :–***

दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़क से नीचे गंगानदी में गिरी था। परिवहन अधिकारी व थानाध्यक्ष धरासू से लिखने के बावजूद वाहन की तकनिकी जांच रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई।

6. ***वाहन के उपयोग का प्रकार :–***

दुर्घटनाग्रस्त टैक्सी संख्या–यूए10–4941 का उपयोग टैक्सी के रूप में होता था।

वाहन में क्षमता से अधिक सवारी ले जाने के कारण वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–3317/एसटीए दिनांक 19–10–2010 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में परमिट धारक से कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है।

(13) श्री भारतभूषण बिष्ट पुत्र श्री मंगल सिंह निवासी ग्रा0 व पो0 अगरोड़ा, जिला पौड़ी गढवाल के नाम मैक्सी कैब परमिट संख्या–3397/एसटीए है। जो समस्त उत्तराखण्ड के मार्गो हेतु दिनांक 11–12–2012 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूए12ए–2580 माडल 2007 संचालित है। उक्त वाहन को मार्ग चैकिंग के दौरान प्रवर्तन अधिकारी, पौडी द्वारा दिनांक 14–07–2009, 22–07–2009 एवं दिनांक 19–01–2011 को चैक किया तथा चैकिंग के दौरान निम्न अभियोगों में चालान किया गया :–

1–चालान दिनांक 14–07–2009

(1) 10 के सापेक्ष 11 व्यक्ति ले जा रहे हैं।
(2) डी0एल0 प्रस्तुत नहीं किया गया। चालान सी0जी0एम0 न्यायालय भेजा गया।

2–चालान दिनांक 22–07–2009
(1) 10 के स्थान पर 11 व्यक्ति ले जा रहे हैं।
(2) डी0एल0 प्रस्तुत नहीं किया। चालान सी0जी0एम0 न्यायालय भेजा गया।
3–चालान दिनांक 19–01–2011
(1) वाहन 9+1 में पास है, वाहन में 11 सवारी यात्रा कर रहे हैं। चालान अनिस्तारित।

उक्त चालान के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–922/एसटीए दिनांक 17–03–2011 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में परमिट धारक से कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है।

(14) श्री शेर सिंह राणा पुत्र श्री चतर सिंह राणा निवासी 200 वाणी विहार, रायपुर, जिला देहरादून के नाम मैक्सी कैब परमिट संख्या–3718/एसटीए है। जो समस्त उत्तराखण्ड के मार्गो हेतु दिनांक 26–12–2012 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूए07एस–1536 माडल 2007 संचालित है। उक्त वाहन को मार्ग चैकिंग के दौरान प्रवर्तन अधिकारी, देहरादून द्वारा दिनांक 27–03–2011 एवं दिनांक 09–04–2011 को चैक किया तथा चैकिंग के दौरान निम्न अभियोगों में चालान किया गया :–

1–चालान दिनांक 27–03–2011
(1) 10 के स्थान पर 11 सवारी बैठी पायी गयी।
(2) चालान दिनांक 20–04–2011 को निस्तारित किया गया।

2–चालान दिनांक 09–04–2011
(1) वाहन में 12 सवारी बैठी पायी गयी। चालान अनिस्तारित।

उक्त चालान के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–1319/एसटीए दिनांक 27–04–2011 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में परमिट धारक से कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है।

(15) श्री हीरा सिंह पुत्र श्री शेर सिंह निवासी डुगरलेटी, लोहाघाट, जिला चम्पावत के नाम मैक्सी कैब परमिट संख्या–4921/एसटीए है। जो समस्त उत्तराखण्ड के मार्गो हेतु दिनांक 07–04–2011 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूके03टीए–0074 माडल 2008 संचालित है। उक्त वाहन दिनांक 01–12–2010 को लोहाघाट–लेटी मोटरमार्ग पर तोक डांगबटी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो जाने एवं वाहन में 10 व्यक्तियों की मृत्यु व 06 घायल हो जाने के कारण क्षमता से अधिक सवारी ले जाने से हुयी जानमाल की हानि के दृष्टिगत सहायक परिवहन आयुक्त, मुख्यालय द्वारा पत्र संख्या–3129/टी0आर0 दिनांक 05–10–2010 द्वारा परमिट के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने की संस्तुति की गयी है तथा पत्र के साथ उप जिलाधिकारी, लोहाघाट की जांच आख्या दिनांक 27–03–2010 की प्रति संलग्न की है। जिसमें दुघर्टना का निम्न कारण दर्शाया गया है :–

''बयानकर्ता श्री गोपाल सिंह पु0 नैन सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम लेटी डुंगरा, पटवारी क्षेत्र रौसाल तहसील लोहाघाट जिला चम्पावत द्वारा दिये गये बयान व निरीक्षक कोतवाली पंचेश्वर की रिपोर्ट के अनुसार एवं पत्रावली उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विदित होता है कि मृतक चालक शिवराज सिंह पु0 लाल सिंह निवासी उपरोक्त के द्वारा दुर्घटना के समय वाहन चलाना पाया गया। वाहन में क्षमता से अधिक सवारी पाये जाने (ओवर लोडिंग) होने क वाहन दुर्घटनाग्रस्त होना पाया गया। तथा सीनियर फोरमैन डिपो कार्यशाला लोहाघाट द्वारा भी अवगत कराया कि वाहन संख्या–यूके03टीए–0074 महिन्द्रा मिनी बस की उपरोक्त क्षतियां दुर्घटना के दौरान होनी प्रतीत होती है।''

उक्त चालान के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–3316/एसटीए दिनांक 19–10–2010 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में परमिट धारक से कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है।

(16) श्री चरण सिंह पुत्र श्री पूरन सिंह निवासी ग्राम डिंगारी, पो0 सरनाल, उत्तरकाशी के नाम मैक्सी कैब परमिट संख्या–5010/एसटीए है। जो समस्त उत्तराखण्ड के मार्गो हेतु दिनांक 19–05–2014 तक वैध है। इस परमिट पर वाहन संख्या–यूके10टीए–0109 माडल 2009 संचालित है। उक्त वाहन को मार्ग चैकिंग के तहसील पुरोला द्वारा दिनांक 30–11–2009 एवं उपजिलाधिकारी, पुरोला द्वारा दिनांक 12–05–2010 को चैक किया तथा चैकिंग के दौरान निम्न अभियोगों में चालान किया गया :–

1–चालान दिनांक 30–11–2009

(1) गाड़ी की छत पर 08 सवारी बैठी थी।
(2) पैर पर जूते नहीं थे।
(3) मांगने पर कागज देने में टाल–मटौल कर रहा था।
(4) गाड़ी में लकडी का गुटका नहीं था। चालान निस्तारित।

2–चालान दिनांक 12–05–2010

(1) वाहन में कुल 36 सवारियां बैठी थी। जिसमें से 20 सवारी वाहन के द्वार पर बैठी थी।
(2) कागजात मांगने पर वाहन चालक वाहन को भगाकर मौके से फरार हो गया। चालान अनिस्तारित।

उक्त चालान के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–2449/एसटीए दिनांक 19–08–2010 को पंजीकृत डाक से धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में परमिट धारक से कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ है।

सचिव,
राज्य परिवहन प्राधिकरण,
उत्तराखण्ड।

राज्य परिवहन प्राधिकारण की बैठक दिनांक 31–10–2011 की कार्यसूची के अन्य मद संख्या–16 (5) का परशिष्ट ''ज''

मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 81 के साथ पठित उत्तर प्रदेश नियमावली 1998 (जो वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य में लागू है) के नियम 81 में दिये गये प्राविधानुसार देहरादून–विकासनगर–डाकपत्थर तथा सम्बन्धित मार्ग के स्थाई सवारी गाड़ी परमिटों के नवीनीकरण के लिये प्राप्त प्रार्थना पत्रों का विवरण निम्नवत् हैः–

क्रं0 सं0	परमिट संख्या, वैद्यता एवं वाहन संख्या	परमिट धारक का नाम व पता	प्रार्थना पत्र प्राप्ती की तिथि	समय से अथवा विलम्ब से	अन्य विवरण
1	1072/115 19–07–2009 यूए 07 बी–6279	श्री चन्द्र प्रकाश ग्रोवर पुत्र श्री हरनाम दास ग्रोवर निवासी हॉस्पीटल रोड विकासनगर देहरादून।	29–05–2009	समय सें	–
2	1078 30–03–2010 यूके07पीए–0795	श्री ज्योति सिंह पुंडीर पुत्र श्री भोपाल सिंह, 24 किशन नगर, देहरादून।	22–02–2010	समय से	–
3	1521 07–03–2010 यूए07एम–7036	श्री किशन चन्द पुत्र श्री ज्योती प्रसाद निवासी ग्राम व पो0 हर्बटपुर देहरादून।	18–02–2010	समय सें	**1– निरीक्षक, यातायात, पुलिस लाईन देहरादून का चालान दिनॉक** 09–01–2007 (1) वाहन मे चालक सहित 112 सवारी बैठ थी, जबकि वाहन 55 सीट में पास है, वाहन में 57 सवारी ओवरलोड है। चालान निस्तारित। **2– चालान दिनॉक 28–04–2009** (1)– वाहन मे 30 सवारी बैठी है, परिचालक द्वारा सवारियों को टिकट नहीं दिया जा रहा है। परमिट शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। (2) कर तथा अति0 कर जमा प्रमाण पत्र नहीं दिखाया। (3) स्वास्थता प्रमाण पत्र नहीं दिखाया। (4) परिचालक ने कन्डक्टरी लाईसेंस नहीं

					दिखाया। (5) बीमा प्रमाण पत्र नहीं दिखाया। परमिट के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति की गई है। **चालान अनिस्तारित।**
4	1524 13–03–2010 यूपी 07के–9147	श्री रमेश चन्द पुत्र श्री जय सिंह निवासी 191/15/13 धर्मपुर द्वितिय देहरादून।	08–09–2009	समय से	–
5	1526/75–एसटीए 15–03–2010 पीबी 13जी–5517	श्री संदीप कुमार अग्रवाल पुत्र श्री हरी किशन अग्रवाल निवासी 14/2 ईस्ट रेस्ट कैम्प चन्दर नगर देहरादून।	15–02–2010	समय से	–
6	1530/125 17–03–2010 यूपी11टी–2875	श्री जितेन्द्र जोशी पुत्र श्री एस0एन0जोशी, निवासी अटट्न बाग, हरबर्टपुर, देहरादून।	18–02–2010	समय से	–
7	1533/83 22–03–2010 पीबी08एएन–3255	श्री बालकिशन अग्रवाल पुत्र श्री प्यारेलाल अग्रवाल, 226 डी, चन्दर नगर, देहरादून।	22–02–2010	समय से	–
8	1534/129 22–03–2010 यूके07पीए–0621	श्री राजकुमार गोयल व श्री भूपेन्द्र गौड़, पुत्रगण सर्व श्री जयप्रकाश गोयल एवं सरन किशोर गौड निवासी पौंटा रोड़, हरबर्टपुर, देहरादून।	22–02–2010	समय से	–
9	1535/71 24–03–2010 यूए07जी–0255	श्री प्रेम चन्द पुत्र श्री पन्ने राम निवासी सहसपुर, देहरादून।	22–02–2010	समय से	–
10	1536 24–03–2010 यूपी07एफ–0941	श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री प्रेम चन्द निवासी ग्रा0 व पो0 सहसपुर, देहरादून।	19–02–2010	समय से	–
11	1537/87/एसटीए 24–03–2010 यूके07पीए–0784	श्री सईद अहमद पुत्र श्री नजीर अहमद निवासी रामपुर देहरादून।	09–03–2010	समय से	–
12	1538 24–03–2010	श्री योगेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री रामानन्द निवासी सेलाकुई देहरादून।	26–10–2009	समय से	प्रार्थी द्वारा प्राधिकरण की बैठक दिनॉक 28–02–2009 मे धारा 86 के

	यूपी 07 के–9550				अन्तर्गत निर्धारित **प्रशमन शुल्क रू0 5,000 जमा नही किया गया हैं।**
13	1539 22–03–2010 यूपी14क्यू–5121	श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री स्वरूप सिंह निवासी 30 संजय कालोनी, गांधीग्राम, देहरादून।	22–02–2010	समय से	–
14	1541/72–एसटीए 28–03–2010 यूपी 07एफ–8278	श्री मोहम्मद आलम पुत्र श्री नेक मोहम्मद निवासी फतेहपुर हर्बटपुर देहरादून।	15–03–2010	02 दिन विलम्ब से प्राप्त	–
15	1543 29–03–2010 एचपी 21ए–1754	श्रीमती सन्तोष भाटिया पत्नी स्व0 श्री नरेन्द्र भाटिया निवासी 3/9/4 प्रेमनगर देहरादून।	24–08–2009	समय सें	–
16	1546 29–03–2010 यूपी 07एच–0041	श्री के0 एल0 भाटिया पुत्र श्री जी0पी0 भाटिया निवासी विंग नं 3 बी0के0 914 प्रेमनगर देहरादून।	02–03–2010	समय से	–
17	1547 29–03–2010 यूए 07बी–6311	श्री महेन्द्र कुमार पुत्र श्री गोपी चन्द्र निवासी 14 अखाडा मोहल्ला देहरादून।	24–10–2009	समय से	–
18	1558 21–09–2010 यूए07डी–0429	श्री कुन्ज बिहारी लाल पुत्र श्री श्याम सुन्दर लाल, मैन रोड़, विकासनगर, देहरादून।	07–10–2010	15 दिन विलम्ब से।	–
19	1581/73 02–09–2011 यूके07पीए–0869	श्री हरी सिंह पुत्र श्री उदयराज सिंह निवासी 41 घोषी गली, देहरादून।	30–08–2011	समय से	–
20	1775 31–01–2010 यूए 12–5268	श्री एन0पी0 शर्मा पुत्र श्री पारस राम निवासी रेस्ट कैम्प त्यागी रोड देहरादून।	14–10–2009	समय से	–
21	1863/68 18–09–2011 यूए07एन–2355	श्री एस0के0श्रीवास्तव पुत्र श्री डी0पी0 श्रीवास्तव, 25/38, खदरी मौहल्ला, देहरादून।	03–09–2011	समय से	–
22	1867/76 14–11–2011 यूपी07एच–5062	श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लक्ष्मीचन्द निवासी 613 राजेन्द्र नगर, देहरादून।	13–10–2011	समय से	–

सचिव,
राज्य परिवहन प्राधिकरण,
उत्तराखण्ड।

राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड की बैठक दिनांक 31–10–2011 की कार्यवाही ।

उपस्थितिः–

1– श्री आर0सी0 पाठक, आई0ए0एस0 — अध्यक्ष।
परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड।

2– श्री प्रेम सिंह खिमाल, — सदस्य।
अपर सचिव एवं अपर विधि परामर्शी,
उत्तराखण्ड शासन।

3– श्री ललित मोहन, — सदस्य।
मुख्य अभियन्ता, स्तर–1,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तराखण्ड।

4– श्री राकेश गोयल, — सदस्य।
शिवमूर्ति, जस्साराम रोड़,
हरिद्वार।

5– श्री हरीश पन्त, — सदस्य।
सांई कालोनी,
अल्मोड़ा।

6– श्री विनोद प्रसाद रतूड़ी, — सचिव।
सचिव,
राज्य परिवहन प्राधिकरण,

उत्तराखण्ड।

संकल्प संख्या–01

मद संख्या–01 के अन्तर्गत राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड की बैठक दिनांक 30–07–2010 की कार्यसूची के मद संख्या–01, 02, 03, 04, 05, 07, 09, 10, 11, 12, 13, 14 एवं 15 में पारित आदेशों का पुष्टिकरण किया गया तथा मद संख्या–01 के क्रमांक–06 में चालक लाइसेन्स नवीनीकरण करते समय राज्य सरकार के चालक प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स की शर्त को छोड़कर शेष मद की पुष्टि की गयी। उपरोक्त के अतिरिक्त मद संख्या–01 के क्रमांक–08 में वर्णित सभी सम्भागों के पर्वतीय मार्गों पर संचालित बसों का ओवरहैंग 60 प्रतिशत को इस शर्त पर पुष्टि की जाती है कि इस सम्बन्ध में मुख्य अभियन्ता, स्तर–1, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड से राज्य के पर्वतीय मार्गों पर सुगमता से कितने मापदण्ड की बसें संचालित की जा सकेंगी, के सम्बन्ध में मार्गों का संयुक्त सर्वेक्षण किया जाय। प्राधिकरण के इन आदेशों से प्रदेश के प्रवर्तन अधिकारियों को अवगत कराया जाय।

मद संख्या–01 के क्रमांक–16 के अन्तर्गत मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–75 में दिये गये प्राविधानानुसार शक्ति का प्रयोग करते हुये केन्द्र सरकार द्वारा मोटर साईकिलों को उन व्यक्तियों के लिए जो अपने उपयोग के लिये मोटर साईकिल चलाना चाहते हैं, किराये पर देने के व्यापार और उससे सम्बन्धित मामलों का विनियमित करने के लिए ''**मोटर साईकिल किराया योजना (स्कीम), 1997**'' बनायी गयी है, जो दिनांक 12–05–1997 से प्रभावी है। उक्त योजना में दिये गये प्राविधानानुसार मोटर साईकिलों को किराये पर देने के सम्बन्ध में लाईसेन्स जारी करने हेतु श्री गुरविन्दर सिंह सेठी एवं अन्य प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुये। उनके द्वारा प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड नवोदित राज्य है तथा राज्य में पर्यटक स्थलों का बाहुल्य है। देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों/तीर्थ यात्रियों को राज्य के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक मोटर साईकिल के माध्यम से यातायात सुविधा उपलब्ध करायी जा सकती है। दिल्ली,

गोवा एवं महाराष्ट्र राज्यों में लागू योजना की भांति इस राज्य में भी रोजगार एंव पर्यटन के दृष्टिकोण से इस राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत लागू किया जाय।

प्राधिकरण द्वारा सभी सम्बन्धित को सुनने एवं केन्द्र सरकार द्वारा मोटर साईकिलों को किराये पर देने के लिए बनायी गयी किराया योजना (स्कीम), 1997 में दी गयी शर्तों एवं श्री गुरविन्दर सिंह सेठी तथा अन्य के तर्कों पर गम्भीरता से विचार–विमर्श किया गया। प्राधिकरण द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त राज्य में रोजगार एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा बनायी गयी उक्त योजना को उत्तराखण्ड राज्य में क्रियान्वित किये जाने का निर्णय लिया गया। प्रार्थियों द्वारा उक्त योजना के अन्तर्गत लाईसेन्स प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाते हैं, तो नियमावली में दी गयी सभी औपचारिकतायें पूर्ण करने वाले आवेदकों के आवेदन पत्रों को प्राधिकरण की नियमित बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय।

संकल्प संख्या–02

मद संख्या–02 (अ), (ब) एवं (स) के अन्तर्गत सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 के नियम–57 के अधीन प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये गये परमिटों के प्रार्थना पत्रों पर पारित आदेशों का अनुमोदन किया जाता है।

उपरोक्त के अतिरिक्त मद के क्रमांक (द) में सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण/सहायक परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत दिनांक 16–07–2010 से 30–09–2011 तक की अवधि में विभिन्न प्रकार के परमिटों को निरस्त करने के सम्बन्ध में पारित आदेशों का अनुमोदन किया जाता है। साथ ही समस्त भारतवर्ष के मोटर कैब/मैक्सी कैब परमिटों पर 05 वर्ष से कम अवधि के निजी में परिवर्तित करने हेतु परमिट निरस्त

किये गये हैं तथा जिन परमिटों पर लोअर मॉडल की वाहन लगायी गयी है, ऐसे परमिटों का अनुमोदन नहीं किया जाता है।

संकल्प संख्या–03

मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–82(1) व (2) में दिये गये प्राविधानानुसार मद संख्या–3 में उल्लिखित समस्त भारतवर्ष/उत्तराखण्ड के मोटर कैब, मैक्सी कैब एवं ठेका बस परमिटों के हस्तान्तरण के कुल **305** मामलों में सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड/सहायक परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड द्वारा प्रतिनिधायन के अधीन प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत परमिटों के हस्तान्तरण के प्रार्थना पत्रों पर पारित आदेशों का अनुमोदन किया जाता है।

संकल्प संख्या–04

मद संख्या–4 में उल्लिखित रामनगर–श्रीबद्रीनाथ तथा सम्बन्धित मार्ग के स्थायी सवारी गाड़ी परमिट संख्या–पीएसटीपी– 02, 07, 62, 64, 65, 66, 67, 68 **एवं** 69 के नवीनीकरण के प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में प्रतिनिधायन के अधीन प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा पारित आदेशों का अनुमोदन किया जाता है।

संकल्प संख्या–05

मद संख्या–5 के अन्तर्गत ट्रैक्टर को व्यवसायिक में पंजीकृत करने के सम्बन्ध में श्री शंकर चन्द रमोला, महामंत्री, उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी, देहरादून के पत्र को राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

प्राधिकरण द्वारा आवेदक श्री शंकर चन्द रमोला को पुकारा गया। पुकारने पर वे अनुपस्थित पाये गये। प्राधिकरण द्वारा मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–41 का अवलोकन किया गया। धारा–41 की उपधारा (4) के अन्तर्गत पावर टीलर एवं ट्रैक्टर (जिनका सार्वजनिक सड़क पर उपयोग हो) परिवहन यान की श्रेणी में रखा गया है एवं कृषि ट्रैक्टर और पावर टीलर को अपरिवहन (अव्यवसायिक) यान की श्रेणी में रखा गया है। प्रकरण पर राज्य परिवहन प्राधिकरण के समक्ष विचारण हेतु कोई विवाद्यक नहीं है। प्राधिकरण द्वारा श्री रमोला के प्रत्यावेदन पर गम्भीरता से विचार करते हुये अधिनियम की धारा–2(44) के अनुसार परिभाषित श्रेणी के ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा चैकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियम एवं नियमावली का उल्लघंन करने पर प्रदेश के सभी प्रवर्तन अधिकारियों को ऐसे वाहनों के विरूद्ध कठोर प्रवर्तन की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया जाय।

संकल्प संख्या–06

मद संख्या–06 के अन्तर्गत राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड की बैठक दिनांक 30–07–2010 के मद संख्या–06 में व्यवसायिक चालक अनुज्ञप्ति नवीनीकरण कराते समय रिफ्रेशर कोर्स में प्रतिभाग करने की अनिवार्यता की शर्त में संशोधन करने विषयक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, हल्द्वानी/अल्मोड़ा के पत्र संख्या–278/सा0–प्र0/दो–2/2010 दिनांक 18–10–2010 को प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। प्राधिकरण द्वारा राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक दिनांक 30–07–2010 के मद/संकल्प संख्या–6 का अवलोकन किया गया, जिसमें प्राधिकरण द्वारा 05 वर्ष से अधिक पुराने लाईसेन्स धारक ही वाहन पर सेवायोजित किया जायेगा, की शर्त में संशोधन करते हुये व्यवसायिक वाहन चालकों के चालक लाईसेन्सों को नवीनीकरण करते समय चालकों द्वारा राज्य सरकार के चालक प्रशिक्षण संस्थान से दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में प्रतिभाग करना अनिवार्य किया गया था।

सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, हल्द्वानी/अल्मोड़ा द्वारा परिवहन यान के लाईसेन्स धारकों को रिफ्रेशर कोर्स में प्रतिभाग करने हेतु देहरादून स्थित चालक प्रशिक्षण संस्थान की बाध्यता से आने वाली कठिनाईयों के दृष्टिगत कुमांऊ के चालकों को उक्त शर्त से छूट देने का अनुरोध किया गया था। उक्त शर्त अधिरोपित करने में हो रही कठिनाईयों के दृष्टिगत तत्कालीन अध्यक्ष, राज्य परिवहन प्राधिकरण/परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड द्वारा प्राधिकरण के उक्त आदेशों का अनुपालन आगामी बैठक तक स्थगित किया गया था। राज्य सरकार द्वारा स्थापित चालक प्रशिक्षण संस्थान, देहरादून के संचालक श्री पुनीत खुराना प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुये उनके द्वारा प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि प्रशिक्षण संस्थान में कोई प्रशिक्षु प्रशिक्षण हेतु नहीं आ रहे हैं, जिससे संस्थान का अपना कोई व्यवसाय नहीं है। उनके द्वारा व्यवसायिक चालक लाईसेन्स नवीनीकरण करते समय चालक प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में प्रतिभाग करने की शर्त यथावत रखने का अनुरोध किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा श्री पुनीत खुराना को सुनने एवं सम्भागीय परिवहन अधिकारी, हल्द्वानी/अल्मोड़ा द्वारा उल्लिखित कठिनाईयों पर गम्भीरता से विचार किया गया। सम्यक् विचारोपरान्त राज्य सरकार का एक ही चालक प्रशिक्षण संस्थान, देहरादून में होने के कारण राज्य के सुदूर क्षेत्रों से व्यवसायिक चालकों को लाईसेन्स नवीनीकरण करते समय देहरादून, चालक प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में आ रही कठिनाईयों के दृष्टिगत मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–72 की उपधारा–2(xxii), धारा–74 की उपधारा–2(ix), एवं धारा–76 की उपधारा–3(iii) में दी गयी व्यवस्थानुसार शक्ति का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार के चालक प्रशिक्षण संस्थान के स्थान पर व्यवसायिक चालक लाईसेन्स नवीनीकरण करते समय दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स के सम्बन्ध में निम्न शर्त को जोड़ा जाता है :–

1– कुमांऊ मण्डल में अल्मोड़ा, हल्द्वानी एवं गढवाल मण्डल में श्रीनगर में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई0) से भी व्यवसायिक चालक लाईसेन्स धारक द्वारा दो दिन का रिफ्रेशर कोर्स का प्रमाण पत्र प्रस्तुत

करने पर राज्य के सम्बन्धित लाईसेन्सिंग अधिकारी, मोटर वाहन विभाग द्वारा नवीनीकरण करने की कार्यवाही की जाय।

2– श्री सुधांशु गर्ग, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, पौड़ी/प्राविधिक अधिकारी, मुख्यालय द्वारा रिफ्रेशर कोर्स हेतु पाठ्यक्रम तैयार करते हुये उपरोक्त प्रशिक्षण संस्थानों को उपलब्ध कराया जाय।

3– उक्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में रिफ्रेशर कोर्स की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निदेशक, औद्योगिक प्रशिक्षण, उत्तराखण्ड से श्री गर्ग सम्पर्क करेंगे तथा 10 दिन के अन्दर अपनी आख्या प्रस्तुत करें।

संकल्प संख्या–07

मद संख्या–07 के अन्तर्गत मैसर्स स्नो लैपर्ड एडवेन्चर प्रा0 लि0 के प्रत्यावेदन दिनांक 13–07–2011 को प्राधिकरण के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। प्राधिकरण द्वारा उनके प्रतिनिधि को पुकारा गया, पुकारने पर प्राधिकरण के समक्ष मैसर्स स्नो लैपर्ड एडवेन्चर प्रा0 लि0 के प्रतिनिधि श्री बजाज उपस्थित हुए। श्री बजाज द्वारा प्राधिकरण को अवगत् कराया गया कि उनकी संस्था टूरिस्ट ट्रान्सपोर्ट्स आपरेटर के नाम से पंजीकृत है एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है। M/s Snow Leopard Adventures Pvt. Ltd. के शिवपुरी, ऋषिकेश में पर्यटक आवास हैं एवं इनके द्वारा एक स्वराज माजदा, ए0सी0 बस, जिसका व्हीलबेस 4760 एम0एम0 है, को ऋषिकेश से शिवपुरी पर्यटक आवास तक एवं ऋषिकेश से श्रीनगर तक संचालित किया जाना है। उनके द्वारा विशेष परिस्थितियों में 4760 एम0एम0 व्हीलबेस की वाहन संख्या–यूके07पीसी–0215 को संचालित करने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

प्राधिकरण द्वारा श्री बजाज को सुनने एवं प्राधिकरण की बैठक दिनांक 03–03–2001 के मद/संकल्प संख्या–20 एवं बैठक दिनांक 30–07–2010 के मद/संकल्प संख्या–8 में निर्धारित माप दण्डों एवं सहायक सम्भागीय पविरहन अधिकारी, ऋषिकेश द्वारा प्रस्तुत आख्या का अवलोकन करते हुए सम्यक् विचारोपरान्त मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–72 की

उपधारा– 2(xxii), धारा–74 की उपधारा–2(ix) एवं धारा–76 की उपधारा–3 (iii) में दी गयी शक्ति का प्रयोग करते हुये प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं रोजगार सृजन के दृष्टिगत् 187 इन्च व्हील बेस (4760 एम0एम0) एवं 50 प्रतिशत् ओवरहैंग की स्वराज माजदा वाहन संख्या यूके07पीसी–0215, को ऋषिकेश–श्रीनगर मार्ग पर केवल ऋषिकेश से कौड़ियाला तक बस संचालन की अनुमति प्रदान की जाती है। यदि उक्त मापदण्डों के अनुरूप वाहन को अन्य वाहन स्वामी द्वारा भी प्रश्नगत मार्ग पर बस चलाने की अनुमति हेतु आवेदन किया जाता है, तो उन्हें भी ऋषिकेश से कौड़ियाला तक ही अनुमति दी जाय।

संकल्प संख्या–08

मद संख्या–08 के अन्तर्गत रामनगर–श्रीबद्रीनाथ तथा सम्बन्धित मार्ग के स्थायी सवारी गाड़ी परमिट संख्या–पीएसटीपी–33 की स्वामिनी श्रीमती चम्पा वैला पत्नी श्री जगदीश चन्द को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने हेतु पुकारा गया। पुकारने पर प्रार्थिनी अनुपस्थित पायी गयी। प्रार्थिनी के अनुपस्थित होने के कारण मामले को अगली बैठक के लिए स्थगित किया जाता है।

संकल्प संख्या–09

मद संख्या–09 के अन्तर्गत मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–83 में दिये गये प्राविधानानुसार परमिटों पर वाहन प्रतिस्थापित करने के सम्बन्ध में नीति निर्धारित करने सम्बन्धी मामले को प्राधिकरण के समक्ष विचार व आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया। प्राधिकरण द्वारा सभी प्रकार के परमिटों पर यानों को बदलने (प्रतिस्थापित) के सम्बन्ध में मोटरयान अधिनियम,

1988 की धारा–83 एवं उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 के नियम–84 (1) पर गम्भीरता से विचार करते हुये सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–83 के साथ पठित उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 (जो वर्तमान में उत्तराखण्ड राज्य में प्रवृत्त है) के नियम–84 (1) में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन किया जाय।

संकल्प संख्या–10

मद संख्या–10 के अन्तर्गत मण्डलीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून के ऋषिकेश–ग्वालियर वाया हरिद्वार–आगरा मार्ग एवं मसूरी–दिल्ली–ग्वालियर मार्ग के लिए प्राप्त 02–02 स्थाई सवारी गाड़ी परमिटों के सम्बन्ध में निगम के प्रतिनिधि, श्री मुकेश सिंह, मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन), देहरादून प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुये। प्राधिकरण द्वारा निगम के प्रतिनिधि को सुनने एवं मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–6 में दिये गये प्राविधानानुसार उत्तराखण्ड शासन, परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्या–86/ix/2010 /06/2008 दिनांक 30–04–2010 जारी हो जाने के पश्चात् उत्तराखण्ड एवं मध्य प्रदेश राज्य के मध्य पारस्परिक परिवहन करार पर बनी सहमति का अनुपालन करते हुये मण्डलीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून को मद में उल्लिखित ऋषिकेश–ग्वालियर वाया बरेली–आगरा अन्तर्राज्यीय मार्ग पर 02 एकल फेरे एवं मसूरी–दिल्ली–ग्वालियर मार्ग पर 02 एकल फेरे के स्थायी गाड़ी परमिट 05 वर्ष की अवधि के लिए पूर्व प्रतिबन्धों, सामान्य शर्तों एवं करार में दी गयी शर्तो के साथ सम्बन्धित राज्य में पड़ने वाले मार्ग भाग के लिए प्रतिहस्ताक्षर की शर्त पर स्वीकृत किये जाते है। स्वीकृत परमिट प्राप्त करने हेतु दो माह का समय प्रदान किया जाता है। समय की गणना स्वीकृति पत्र निर्गत किये जाने की तिथि से की जायेगी, समय सीमा समाप्त हो जाने पर स्वीकृति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।

संकल्प संख्या–11

मद संख्या–11 के अन्तर्गत श्री बद्रीनाथ–केदारनाथ धार्मिक स्थल होने तथा इन धार्मिक स्थानों में देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामनगर–श्रीबद्रीनाथ तथा सम्बन्धित मार्ग के लिए स्थाई सवारी गाड़ी परमिटों हेतु प्राप्त 22 प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में आवेदकों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने हेतु पुकारा गया। पुकारने पर उनके प्रतिनिधि प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुये। प्राधिकरण द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों को आवेदनों के परीक्षणोपरान्त मामले पर विचार करते हुये विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि मद में वर्णित आवेदक **सर्वश्री सुधान सिंह पुत्र सर्व श्री खुशहाल सिंह, प्रदीप सिंह पुत्र धन सिंह, राजेन्द्र सिंह पुत्र चन्दन सिंह, श्रीमती जानकी पत्नी सुधान सिंह, योगेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, संजय कुमार पुत्र दीनानाथ, हरीश चन्द्र पुत्र दयाकिशन, श्रीमती सरस्वती पत्नी रमेश चन्द्र, देवेन्द्र शर्मा पुत्र स्व0 दामोदर शर्मा, मोहन सिंह रावत पुत्र बटन सिंह, हफीजुरहमान पुत्र मो0 उस्मान, दीपचन्द्र पाण्डेय पुत्र अम्बादत्त पाण्डेय, नीरज कुमार पुत्र रामकुमार, हबीकुर्ररहमान पुत्र उस्मान, मो0 साजिद पुत्र अब्दुल वाहिद, रिजवान पुत्र अब्दुल रहमान, दिनेश चन्द्र छिमवाल पुत्र महेश चन्द्र, कुलदीप सिंह पुत्र गुरूदेव सिंह, अतीकुररहमान पुत्र मो0 उस्मान, रणजीत सिंह कड़ाकोटी पुत्र डी0एस0 कड़ाकोटी, इरशाद अली पुत्र अशरफ अली एवं देवेन्द्र सिंह पुत्र जयपाल सिंह** को सम्बन्धित मार्ग का एक–एक स्थाई सवारी गाड़ी परमिट 05 वर्ष की अवधि के लिए पूर्व प्रतिबन्धों, सामान्य शर्तों एवं मार्ग की दशा, प्रदूषण एवं अनाधिकृत संचालन पर रोक लगाने के उद्देश्य से स्वीकृत किया जाता है। स्वीकृत परमिट प्राप्त करने हेतु दो माह का समय प्रदान किया जाता है। स्वीकृत परमिट पाँच वर्ष से कम पुरानी वाहन के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर जारी किये जांय। जारी किए गये परमिट धारकों द्वारा अपनी वाहनों का संचालन मार्ग पर पूर्व से चल रही वाहनों के साथ रोटेशन से किया जायेगा और उन्हीं के समान अतिरिक्त कर जमा किया जायेगा। सभी

परमिट जारी हो जाने के पश्चात् मार्ग यूनियन को संशोधित समय–सारिणी प्रस्तुत करने एवं संशोधित समय–सारिणी को यात्रियों के सुविधार्थ प्रत्येक वाहन में चस्पा करने हेतु निर्देशित किया जाय। समय की गणना स्वीकृति पत्र के जारी होने की तिथि से की जायेगी।

संकल्प संख्या–12

मद संख्या–12 के परिशिष्ट– **'क' एवं 'ख'** में उल्लिखित समस्त भारतवर्ष के मैक्सी कैब एवं ठेका बस परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में आवेदकों को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने हेतु पुकारा गया। पुकारने पर मोटरकैब यूनियन के प्रतिनिधि प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए, उन्होंने प्राधिकरण को अवगत् कराया कि उक्त प्रकार की वाहनें प्राईवेट एवं सरकारी संस्थाओं से वित्त पोषित् कराकर क्रय की जाती हैं। इन वाहनों को प्राधिकरण की बैठक से परमिट जारी करने का प्रतिबन्ध होने के कारण आवेदकों को यथा समय परमिट न मिलने पर आर्थिक क्षति के साथ–साथ वाहनों के ऋण की अदायगी करने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस व्यवस्था से जहां अनधिकृत संचालन को बढ़ावा मिलता है वहीं राज्य को मिलने वाले राजस्व की भी हानि होती है। वाहन स्वामियों को स्थाई परमिट के अपेक्षाकृत अस्थाई परमिट प्राप्त करने में बहुत अधिक आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। उनके द्वारा मोटरकैब, मैक्सी कैब, ठेका बस के परमिट उदारनीति से स्वीकृत/जारी करने हेतु नीति निर्धारित करने का अनुरोध किया गया।

प्राधिकरण द्वारा मामले पर गम्भीरता से विचार विमर्श किया तथा सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया कि मद के परिशिष्ट–**'क' एवं 'ख'** में उल्लिखित सभी प्रार्थियों को निवेदित परमिट मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–80 के साथ पठित केन्द्रीय मोटरयान नियमावली–1989 के नियम–82 एवं 85 में दी गई व्यवस्थानुसार पांच वर्ष की अवधि के लिए पूर्व प्रतिबन्धों एवं सामान्य शर्तों, ठेका गाड़ी के लिए राष्ट्रीयकरण की योजनानुसार प्रतिबन्धित मार्गों को छोड़कर,

की शर्तों के साथ स्वीकृत किये जाते हैं। स्वीकृत परमिट प्राप्त करने हेतु **02** माह का समय प्रदान किया जाता है। प्राधिकरण द्वारा दी गयी समयावधि समाप्त हो जाने के पश्चात स्वीकृति स्वतः समाप्त समझी जायेगी। समय की गणना स्वीकृति पत्र में उल्लिखित तिथि से की जायेगी। **उदारनीति से उक्त प्रकार के परमिट के सम्बन्ध में नीति निर्धारण का मामला प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।**

संकल्प संख्या–13

मद संख्या–13 के परिशिष्ट– **'ग', 'घ', 'च'** में उल्लिखित समस्त उत्तराखण्ड के मोटर कैब, मैक्सी कैब एवं ठेका बस परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने हेतु पुकारा गया। पुकारने पर मोटरकैब यूनियन के प्रतिनिधि प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए, उन्होंने प्राधिकरण को अवगत् कराया कि उक्त प्रकार की वाहनें प्राईवेट एवं सरकारी संस्थाओं से वित्त पोषित् कराकर क्रय की जाती हैं। इन वाहनों को प्राधिकरण की बैठक से परमिट जारी करने का प्रतिबन्ध होने के कारण आवेदकों को यथा समय परमिट न मिलने पर आर्थिक क्षति के साथ–साथ वाहनों के ऋण की अदायगी करने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस व्यवस्था से जहां अनधिकृत संचालन को बढ़ावा मिलता है वहीं राज्य को मिलने वाले राजस्व की भी हानि होती है। वाहन स्वामियों को स्थाई परमिट के अपेक्षाकृत अस्थाई परमिट प्राप्त करने में बहुत अधिक आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। उनके द्वारा मोटरकैब, मैक्सी कैब, ठेका बस के परमिट उदारनीति से स्वीकृत/जारी करने हेतु नीति निर्धारित करने का अनुरोध किया गया।

प्राधिकरण द्वारा मामले पर गम्भीरता से विचार विमर्श किया तथा सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि मद के परिशिष्ट–**'ग', 'घ' 'च'** सभी प्रार्थियों एवं बैठक के दौरान प्रस्तुत किए गये आवेदकों द्वारा निवेदित परमिट मोटरयान अधिनियम–1988 की धारा–74 एवं 80 में दिये गये प्राविधानानुसार पांच वर्ष की अवधि के लिए पूर्व प्रतिबन्धों एवं

सामान्य शर्तों, ठेका गाड़ी के लिए राष्ट्रीयकरण की योजनानुसार प्रतिबन्धित मार्गों को छोड़कर की शर्तों के प्रतिबन्ध के साथ स्वीकृत किये जाते हैं। स्वीकृत परमिट प्राप्त करने हेतु **02** माह का समय प्रदान किया जाता है। प्राधिकरण द्वारा दी गयी समयावधि समाप्त हो जाने के पश्चात स्वीकृति स्वतः समाप्त समझी जाऐगी। समय की गणना स्वीकृति पत्र में उल्लिखित तिथि से की जाऐगी। **उदारनीति से उक्त प्रकार के परमिट के सम्बन्ध में नीति निर्धारण का मामला प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।**

संकल्प संख्या–14

मद संख्या–14 के अन्तर्गत पंतजलि योगपीठ, महर्षि दयानन्द, हरिद्वार की वाहन संख्या–यूके08पीए–1001 को समस्त भारतवर्ष का परमिट स्वीकृत करने के सम्बन्ध में उनके प्रतिनिधि को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने हेतु पुकारा गया।

पुकारने पर अनुपस्थित पाये गये। प्राधिकरण द्वारा मामले पर सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि यद्यपि उक्त वाहन केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के नियम–128 की शर्ते पूर्ण नहीं करती है। तथापि उक्त प्रकार की 30 सीटों के अतिरिक्त 15 स्लीपर लगी वाहन को पर्यटक परमिट देने के सम्बन्ध में राज्य के पड़ोसी राज्यों (यथा उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान एवं गुजरात) द्वारा क्या नीति अपनायी जा रही है, इस सम्बन्ध में स्थिति ज्ञात कर ली जाय। तद्पश्चात् को मामले को प्राधिकरण की आगामी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय। तब तक मामले को स्थगित रखा जाय।

संकल्प संख्या–15

(1) मद संख्या–15 के अन्तर्गत परिशिष्ट **'छ'** के क्रमांक**–1** में वर्णित देहरादून–विकासनगर–कुल्हाल मार्ग के स्थायी सवारी गाड़ी परमिट संख्या–पीएसटीपी–278, जिस पर वाहन संख्या–यूके07पीए–0501, मॉडल 2009 संचालित है, के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–86 के अन्तर्गत कार्यवाही के सम्बन्ध में परमिट धारक श्री अशोक कुमार पुत्र श्री लक्ष्मीचंद निवासी 613, राजेन्द्र नगर, देहरादून को इस कार्यालय के पत्र संख्या–2915/एसटीए/दिनांक 31–10–2009 द्वारा धारा–86 का नोटिस जारी करते हुये 15 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु परमिट धारक का कोई स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ। प्रार्थी के परमिट के विरूद्ध धारा–86 के मामले को राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक दिनांक 30–07–2010 के मद संख्या–15(1) के अन्तर्गत विचार व आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया। प्राधिकरण द्वारा परमिट पर संचालित वाहन के संचालन पर मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा रोक लगाने पर मामले को स्थगित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा रिट पीटिशन संख्या–1188/2010 में दिनांक 08–11–2010 को अन्तिम आदेश पारित करने के उपरान्त दिनांक 27–12–2010 को परमिट मुक्त हो जाने के उपरान्त पुनः परमिट धारक को कार्यालय के पत्र संख्या–3406 /एसटीए/सूचना/2011 दिनांक 15–10–2011 द्वारा प्राधिकरण के समक्ष दिनांक 31–10–2011 को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। बैठक के दौरान परमिट धारक को प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होने हेतु पुकारा गया, पुकारने पर प्रार्थी प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हुये। उनके द्वारा प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि जो चालान किया गया है, उस समय स्कूल की छुट्टी का समय था, यदि बच्चों को बैठने नहीं दिया जाता है, तो वे चालक, परिचालक के साथ गाली–गलौच तथा मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इसी बीच मेरे बच्चे का हाथ कट जाने से मैं बच्चे के इलाज के लिए बाहर था। गाड़ी की देखभाल नहीं कर सका और भविष्य में उक्त प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं होगी तथा उक्त परमिट पर यूपी07जी–3629, मॉडल 1997 लगाने की भी प्रार्थना की है।

प्राधिकरण द्वारा मामले पर गम्भीरता से विचार किया गया तथा सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि वाहन में स्वीकृत क्षमता से अधिक सवारी ढोये जाने एवं परमिट शर्तों का उल्लघंन करने के अभियोग में वाहन चालक के साथ–साथ वाहन स्वामी की संलिप्तता को दृष्टिगत् रखते हुए परमिट को निलम्बन करने के बजाय परमिट संख्या–पीएसटीपी–278 के धारक से चालान का प्रशमन शुल्क **रूपया 10,000–00** की एक निश्चित राशि जमा करने हेतु सहमति प्राप्त की जाय। सहमति प्राप्त होने के दो माह के अन्दर उक्त राशि जमा की जाय। भविष्य के लिये क्षमता से अधिक सवारी ढोये जाने के अभियोग में चालान पाये जाने पर परमिट निरस्तीकरण के सम्बन्ध में वाहन स्वामी को चेतावनी दी जाय। साथ ही परमिट धारक की परेशानी के दृष्टिगत परमिट पर वाहन संख्या–यूपी07जी–3629, मॉडल 1997 प्रतिस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाती है। प्राधिकरण के उक्त निर्णय से सम्भागीय परिवहन अधिकारी, देहरादून को भी अवगत कराया जाय।

